# TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition


अवधपुरी में सड़क निमाज़्ण का शिलान्यास (पेज-3)

पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-14 | मूल्य ₹ 7 | सोमवार | दिनांक- 13.07.2026

## राम मंदिर चढ़ावा में नया खुलासा, आरोपियों के पास था दानपात्र का नियंत्रण

**अयोध्या।** रामलला की चढ़ावा चोरी आशंकाओं से कई गुणा अधिक हो सकती है। इस मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अभी तक की पटकथा के अनुसार चढ़ावा चोरी का सिलसिला गत वर्ष के आरंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के बाद शुरू हुआ। यह आशंका चढ़ावा चोरी के मास्टर माइंड अनुकल्प मिश्र के राम मंदिर की व्यवस्था में शामिल होने से जुड़ी है। सामान्य धारणा यह है कि अनुकल्प मिश्र और उसके साथ चढ़ावा चोरी के मामले में आरोपित अन्य लोग श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ चढ़ावा बढ़ने पर कैश मैनेजमेंट के नए प्रबंध के तहत राम मंदिर की व्यवस्था से जुड़े। जबकि सच यह है कि अनुकल्प 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ही मंदिर की व्यवस्था से जुड़ गया था। सूत्रों के अनुसार अनुकल्प राम मंदिर के शिखर पर झंडा फहराने की रस्म, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ समारोह और दीपोत्सव जैसे अहम कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोगी के रूप में शामिल होने लगा। समझा जाता है कि अपने लक्ष्य और प्रकृति के अनुरूप अनुकल्प ने तभी से रामजन्मभूमि परिसर में अपने कारनामों के लिए संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दीं।

# दुनिया ने सराहा था महाकुंभ, मुड़िया मेला को भी सराहें श्रद्धालु

## कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायन ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दी नसीहत

- श्रद्धालुओं की आस्था एवं विश्वास का सम्मान करे, अधिकारी/कर्मचारी श्रद्धालुओं से विनम्र रहें
- भंडारे की अनुमति हेतु 20 जुलाई से पूर्व करें लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में करें आवेदन
- सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चिपकाने, लिखने पर होगी कार्रवाई
- खाद्य पदार्थों की चेकिंग के नाम पर दुकानदारों का शोषण न होने पाये का रखें ख्याल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।

मुड़िया पूर्णिमा मेला-2026 की तैयारियों के संबंध में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को गोवर्धन तहसील सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रशासन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में व्यवस्थाओं की प्रशंसा पूरी दुनिया ने की थी। हमें भी यहां पर ऐसे इंतजाम करने हैं कि देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।वे यहां से ब्रज की अच्छी छवि लेकर जाएं। जगप्रसिद्ध मुडिया मेला 23जुलाई से शुरू होकर 30 जुलाई तक चलेगा।

बैठक में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने प्रयागराज के महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां तो 50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आए थे। योगी सरकार ने ऐसी व्यवस्थाएं की थीं कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हुई थी। यहां मुडिया मेला में भी ऐसी ही व्यवस्थाएं करनी हैं। ताकि श्रद्धालु यहां से अच्छे अनुभव लेकर जाएं। कहा कि मेले में करोड़ो की संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक, दर्शनार्थी एवं परिक्रमार्थी आते है।

मुड़िया पूर्णिमा मेला आस्था, श्रृद्धा एवं विश्वास का अद्भुत संगम है। निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की आस्था एवं विश्वास का सम्मान करे तथा सभी अधिकारी/कर्मचारी श्रद्धालुओं से विनम्र रहें। खाद्य पदार्थों की चेकिंग के नाम पर दुकानदारों का शोषण नहीं होना चाहिए। कहा कि गोवर्धन के आसपास के अस्पतालों के प्रबन्धकों के साथ सामंजस्य बनाएं। आपातकालीन स्थिति हेतु आईसीयू, वेंटिलेटर, बेड आदि को प्रशासन हेतु संरक्षित / रिजर्व करें।

मंत्री ने सुदृढ़ पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुंडों की बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि राधाकुंड एवं मानसी गंगा में साफ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मेला क्षेत्र में उत्कृष्ट साज सज्जा सुनिश्चित करने को कहा। मेला क्षेत्र में आकर्षक वॉल पेंटिंग की जाए। मेला क्षेत्र को झालर लाइटिंग व फसाड लाइटिंग से सजाया जाए।



गोवर्धन तहसील सभागार में मुडिया मेला की तैयारियों की समीक्षा करते कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायन।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी।

एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने पार्किंग और अन्य संबंधित इंतजामों का ब्योरा पेश किया। बैठक में सांसद तेजवीर सिंह, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधावल्लभ, सचिव मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण आशीष कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेंद्र नारायण शुक्ला, एस0पी0 यातायात राजेश कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजय सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गुलवीर सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 35 करोड़ पेड़ या 350 करोड़ का स्केम?

## अखिलेश ने पौधा रोपण पर उठाए गंभीर सवाल

एजेंसी, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा सरकार के वृक्षारोपण अभियान पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा के लिए 'वृक्षारोपण' असल में 'भ्रष्टारोपण' का कार्यक्रम बन चुका है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ही ह्यएक पेड़ मां के नामह्न महा अभियान की शुरूआत की है, जिसके तहत राज्य में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।अखिलेश यादव ने आगे कहा कि सरकार हर साल वृक्षारोपण के नाम पर भ्रष्टाचार की नई योजना लाती है और बजट आपस में बांटने के बाद अभियान खत्म हो जाता है। इसके बाद सालभर सरकार को न तो पेड़ों की चिंता रहती है और न ही पर्यावरण की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में पेड़ों और जंगलों की अवैध कटाई हो रही है, जिससे पर्यावरण के लिए गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

नदियों की सफाई के मुद्दे पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने नदियों को साफ करने का झूठा वादा किया और उसका बजट भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि न तो गंगा साफ हुई और न ही उसकी सहायक नदियां। यमुना नदी भी बुरी तरह प्रदूषित है और प्रदेश की तमाम नदियां अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि सपा सरकार के दौरान लखनऊ में गोमती नदी की सफाई करके विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट बनाया गया था, जो नदियों की सफाई का एक बेहतरीन उदाहरण था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे भी बर्बाद कर दिया।

### ओपी राजभर का अखिलेश पर हमला

## 'योगी सरकार को गुंडों का इलाज करना खूब आता है'

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। बलिया में अपने विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए राजभर ने आरोप लगाया कि सपा कार्यकताओं ने उनके खिलाफ प्रदर्शन किया क्योंकि वह "सच लिख रहे हैं"। उन्होंने अखिलेश यादव से "अपने गुंडों को संभालने" की नसीहत देते हुए कहा कि यदि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश हुई तो योगी सरकार उससे सख्ती से निपटना जानती है। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मित्र अखिलेशजी, देख रहे हैं न अपने गुंडों की करतूत। बलिया में सैकड़ों की तादाद में आपके गुंडे मेरे खिलाफ सड़क पर उतर आए। क्यों? क्योंकि मैं सच लिख रहा हूं और सच आपको पच नहीं रहा। यही तो आप लोगों की पुरानी मानसिकता रही है। हमेशा से आप लोग गैर-यादव ओबीसी समाज के प्रति हेय दृष्टि रखते आए हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि हम मुदार्बाद के नारों और काले कपड़ों से विचलित होने वालों में से नहीं हैं। हम तो उस समाज से हैं जिसके मुदार्बाद के नारे आपके स्वजातीय हमेशा से लगाते आए हैं। रही बात काले कपड़ों की तो हमें काला रंग बहुत पसंद है, दिखाइये जितना दिखा सकते हैं। राजभर ने लिखा कि आप और आपके गुंडों में अगर दम है तो लोकतांत्रिक ढंग से लड़ें। आओ मैदान में, चुनाव में दम दिखाओ। काला लाल हरा जो दिखाना है, दिखा लेना आप लोग। भगवा फिर भी लहरा के रहेगा। और हां...आपके गुंडों के जवाब में अगर जनता सड़क पर उतर आई तो कहीं के नहीं रहोगे। मंत्री राजभर ने लिखा कि ओमप्रकाश राजभर सपाई गुंडों से डरने वाला नहीं है। हम तो जमीन से आए और जमीन पर ही रहते हैं।

## ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन में माता-पिता के एसआईआर की भी देनी होगी जानकारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल होने वाले ऑनलाइन फॉर्म-6 में एक नया घोषणा पत्र शामिल किया है। इस फॉर्म का इस्तेमाल पहली बार वोट देने वाले और वोटर लिस्ट में नया नाम जुड़वाने वाले लोग करते हैं। अब इस नए नियम के तहत आवेदकों को यह बताना होगा कि क्या वे या उनके माता-पिता वोटर लिस्ट के पिछले स्पेशल इंटेंसिव रिविजन का हिस्सा थे या नहीं।

हालांकि इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया प्रावधान केवल चुनाव आयोग के ECINET पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन Form-6 में दिखाई दे रहा है। वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध ऑफलाइन Form-6 में यह घोषणा शामिल नहीं है। इससे प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि फॉर्म-6 एक वैधानिक नियम है। रिपोर्ट के मुताबिक, कानून मंत्रालय द्वारा जून 2025 के बाद जारी राजपत्र अधिसूचनाओं की समीक्षा में ऐसा कोई संशोधन नहीं मिला। जिसमें फॉर्म-6 में इस नए घोषणा-पत्र को जोड़ने की अधिसूचना जारी की गई हो।

# कैंट स्टेशन पर डिप्टी एसएस को घसीटते हुए ले गई आरपीएफ

## प्लेटफार्म पर हुआ हंगामा, दो एएसआई सहित चार जवान निलंबित

- महिला यात्री को ट्रेन में चढ़ने के लिए डिप्टी एसएस ने रुकवा दी थी गाड़ी
- चेन पुलिंग के आरोप में यात्री को पकड़ने पर रेल अधिकारी ने किया था बचाव

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आगरा कैंट स्टेशन पर रविवार को एक महिला यात्री की मदद करने की सजा आरपीएफ के कुछ जवानों ने गुंडई दिखाई। यात्री को चेन पुलिंग के आरोप से बचाव करने आए डिप्टी स्टेशन सुपरिंटेंडेंट (डिप्टी एसएस) से पहले हाथापाई की, फिर प्लेटफार्म पर घसीटते हुए थाने तक ले गए। काफी देर तक चले इस हंगामा से यात्रियों में दहशत फैल गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर चार आरपीएफ कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

ये घटना हीराकुंड एक्सप्रेस के आने पर हुआ। ट्रेन में लुधियाना के एक दंपती सवार थे। स्टेशन पर रुकने पर महिला यात्री मिठाई लेने उतरी और जब तक वापस आई, ट्रेन रेंगने लगी थी। यात्री की मदद के लिए डिप्टी एसएस ने ट्रेन को रोक लिया। यात्री ट्रेन में चढ़ गई, तभी आरपीएफ कर्मी ने उन्हें उतार लिया। उनका मोबाइल छीन लिया। चेन पुलिंग का आरोप लगाते हुए उन्हें थाने ले जाने लगे। इस पर डिप्टी एसएस नागेंद्र चाहर ने आरपीएफ कर्मियों को रोका और पूरी बात बताई। इस पर आरपीएफ जवान डिप्टी एसएस से भिड़ गए। उनसे सरेआम हाथापाई करने लगे। उन्हें घसीटते हुए थाने की ओर ले जाने लगे। घटना के दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई। रेलवे प्रशासन ने हीराकुंड एक्सप्रेस के ठहराव से जुड़े इस विवाद की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति पूरे घटनाक्रम की जांच कर अपनी रिपोर्ट रेलवे प्रशासन को सौंपेगी।प्रथम दृष्टया जांच में चार आरपीएफ कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर आरपीएफ के दो एएसआई मेघराज मीणा, बालकिशन और दो कांस्टेबल बदन सिंह, जितेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद रेलवे सेवा नियमों के अनुसार संबंधित कर्मियों के विरुद्ध आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल आगरा कैंट स्टेशन पर हुई इस घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था और विभागीय अनुशासन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।



## शादी की जिद, मासूम का कत्ल और फांसी... जेल में न सोया, न खाना खाया

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में डेढ़ साल के बच्चे की हत्या के मामले में कोर्ट से फांसी की सजा मिलने के बाद विराज उर्फ जितेंद्र पाठक जेल में बंद है। जेल जेल सूत्रों के अनुसार, सजा सुनाए जाने के बाद उसकी पहली रात काफी बेचैनी में गुजरी। उसने पूरी रात नींद नहीं ली, बैरक में मौजूद अन्य बंदियों से दूरी बनाए रखी और भोजन भी नहीं किया। शनिवार को भी वह गुमसुम नजर आया।

जेल सूत्रों के मुताबिक, सजा सुनाए जाने के बाद उससे मिलने उसके परिवार का कोई सदस्य जिला जेल नहीं पहुंचा। फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को कानूनन ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार होता है। विराज उर्फ जितेंद्र पाठक भी 30 दिनों के भीतर इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर सकता है। अगर हाईकोर्ट फांसी की सजा को बरकरार रखता है, तो उसके पास सुप्रीम कोर्ट जाने का ऑप्शन होगा।

# 'वृक्षारोपण महायज्ञ': गूंजा 'एक पेड़ मां के नाम' का नारा, रोपे गए 54 लाख पौधे

- 'रोपण दिवस' के साथ-साथ पौधों की रक्षा व जीवितता सुनिश्चित करने के लिए मनेगा 'पोषण दिवस'
- भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए 35 करोड़ पौधों के विशाल लक्ष्य को पूरा कर रही योगी सरकार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' के तहत शुक्रवार, 12 जुलाई को आगरा में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। शास्त्रीपुरम के डी ब्लॉक पार्क में आयोजित इस 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि पौधरोपण केवल एक सरकारी अभियान नहीं है, बल्कि यह जनभागीदारी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने आमजन से अपने जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों को पौधरोपण से जोड़ने का जोरदार आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि ह्यरोपण दिवसह्न के साथ- साथ ह्यपोषण दिवसह्न भी मनाया जाना चाहिए, ताकि लगाए गए पौधों को एक विशाल वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जा सके। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने वन विभाग से अपील की कि वे ऐसे औषधीय और छायादार वृक्षों को अधिक से अधिक लगाएं ताकि उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।



### भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी है वृक्षारोपण महायज्ञ

जनपद के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा डॉ. हरिओम ने बताया कि उ.प्र. सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का वृहद लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ केवल पौधे लगाने का कोई सामान्य अभियान नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का एक बड़ा संकल्प है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजाद भगत सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं अन्य गणमान्य जन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### *एक माह बाद चलेगा पोषण अभियान: डीएम

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद का वर्तमान हरित आवरण लगभग 6.85 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाने के लिए आगरा में 53.94 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है। नोडल अधिकारी के निदेर्शों का पालन करते हुए, पौधारोपण के बाद सिविल सोसायटी और आमजन की समितियां गठित कर उन्हें पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जनपद में 01 माह बाद 'पोषण अभियान' और 'पोषण- डे' आयोजित किया जाएगा, जिससे रोपित पौधों की जीवितता को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्कूली बच्चों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे एक से दो वर्ष तक पौधों की नियमित देखभाल करें।

# 'मैं आत्महत्या कर लूंगा...': ऐसा क्यों बोले थे डॉक्टर मनमोहन सिंह?

एजेंसी, नई दिल्ली।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी की नई किताब इंडिया एंड आईः ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से जुड़ा एक भावुक प्रसंग सामने आया है। किताब के अनुसार, वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के कुछ मंत्रियों के बीच पैदा हुए विवाद से प्रधानमंत्री इतने दुखी थे कि उन्होंने कुरैशी से कहा था, 'अगर आप मेरे बारे में ऐसा सोचते हैं, तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।' यह बातचीत एक निजी मुलाकात के दौरान हुई थी।

### क्यों हुई थी कुरैशी और मनमोहन सिंह की मुलाकात?

कुरैशी के मुताबिक, उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ कुछ केंद्रीय मंत्रियों की टिप्पणी पर अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने उन्हें तुरंत मिलने के लिए बुलाया। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्रियों के बयानों की जानकारी नहीं थी और अगर पहले पता चलता तो वे उन्हें फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है और उसकी गरिमा हर हाल में बनी रहनी चाहिए।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, सोमवार
13 जुलाई 2026



# खंदौली में रोपे 1.67 लाख पौधे



**खंदौली (आगरा)।** विकास खंड खंदौली में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अभियान के अंतर्गत ब्लॉक खंदौली प्रशासन ने कुल 1,67,000 पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर पौधे रोपित किए गए। ग्राम पंचायत उजरई, सौरई, सराय दारूपा, रामनगर और हसनपुर सहित नौ ग्राम पंचायतों में सघन वृक्षारोपण के लिए आधुनिक 'मियांवाकी पद्धति' का उपयोग किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सुभाष व पंकज, सचिव गौरव पाठक, यशवंत, गौरव शर्मा, यशवेंद्र, धनपत, लेखपाल महादेव तथा ग्राम प्रधान दिनेश, धर्मेंद्र कुमार, रेशमपाल, देवेंद्र सहित अनेक रोजगार सेवक और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी उदयभान सिंह की कार पर गिरा पेड़

## कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त, हादसे में बाल-बाल बचे

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

**फतेहाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी उदयभान सिंह रविवार को एक हादसे में बाल-बाल बच गए। थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में अचानक उनकी कार पर सड़क किनारे खड़ा एक विशाल सूखा पेड़ गिर गया। इस दुर्घटना में उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, गनीमत रही कि इस दौरान कार में सवार पूर्व राज्यमंत्री सहित सभी पांच लोग पूरी तरह सुरक्षित बाल-बाल बच गए।

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी उदयभान सिंह रविवार को आगरा स्थित अपने आवास से थाना बमरौली कटारा क्षेत्र के ग्राम बिझामई, नवांमील में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही



उनकी कार बमरौली कटारा थाने से आगे बढ़ी, तभी आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर अचानक यह हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ा एक सूखा पेड़ अचानक भरभराकर उनकी चलती कार के ऊपर आ गिरा।

पेड़ का हिस्सा कार की छत पर गिरने से वाहन की छत बुरी तरह पिचक गई।

अचानक हुए इस हादसे के बाद मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। कार में सवार लोगों की सुरक्षा को लेकर आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके की ओर दौड़े और राहत कार्य में जुट गए। गनीमत रही कि इस दौरान कार सवार पूर्व मंत्री समेत पांच लोग बाल-बाल बच गए।

पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान ने बताया कि रविवार को बमरौली कटारा क्षेत्र के गांव बिझामई में भागवत कथा में होने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से कार में सवार मेरे सभी साथी और मैं पूरी तरह सुरक्षित बच गए।

उधर, पूर्व मंत्री की कार पर पेड़ गिरने की सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली, भाजपा कार्यकताओं और उनके समर्थकों में चिंता की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने फोन पर उनका कुशलक्षेम जाना। पूर्व मंत्री के पूरी तरह सुरक्षित होने की जानकारी मिलने पर समर्थकों ने राहत की सांस ली है।

# लापता युवक अर्धबेहोशी की हालत में मिला

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

बहन के घर से लौटते समय रहस्यमयी तरीके से गायब हुआ युवक दो दिन बाद अर्धबेहोशी की हालत में मिला। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र भरत सिंह निवासी मौहल्ला कानून गोयान कस्बा फतेहाबाद 2 दिन पूर्व अपनी बहन के यहां थाना डौकी क्षेत्र में गया था। तभी वहां से लौटकर घर आ रहा था तो वाजिदपुर के पास मयूरी से उतरकर कहीं चला गया तथा फोन पर अपनी पत्नी से बातचीत की और फोन बंद कर लिया। अनहोनी की आशंका से परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई। थाना फतेहाबाद और डौकी में इसकी सूचना दी गई थी। जहां रविवार सुबह 6:00 बजे के करीब जितेंद्र अर्धबेहोशी की हालत में शमशाबाद रोड पर जनता इंटर कॉलेज के पास पड़ा हुआ मिला। जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पूछताछ करने पर बताया कि वह रेलवे पटरी के पास बैठकर अपनी पत्नी से बात कर रहा था। इसी दौरान दो लोग आए और उन्होंने मुझे कुछ खिलाया तथा बाजरा के खेत में ले गए जहां मोबाइल छीन लिया और वह बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। होश आने पर वह किसी तरह सड़क तक आया। जहां से पहचान वाले के फोन से परिजन को जानकारी दी। परिजनों ने जितेंद्र के आने की सूचना पुलिस को दी।

# घर बुलाकर वृद्ध की हत्या

## लॉटरी के 5 लाख रुपये देने के बहाने बुलाया था घर

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र स्थित भगवती बाग, राधा नगर में रविवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। आरोप है कि 5 लाख रुपये की लॉटरी देने का झांसा देकर 65 वर्षीय दिनेश शर्मा को घर बुलाया गया। जहां उनकी हत्या कर दी गई।

मृतक के पुत्र विष्णु शर्मा ने थाना ट्रांस यमुना में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उदय अग्रवाल उर्फ ₹मामा गैस वाला₹ तथा उसके बेटे ने रविवार सुबह करीब 9 बजे उनके पिता दिनेश शर्मा की हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही थाना ट्रांस यमुना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा जगनेर मार्ग पर अटा भोपुर मोड़ के समीप रविवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने घायल को सीएचसी खेरागढ़ पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगरा रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया घायल कमला नगर आगरा निवासी दीपक (35) पुत्र राजेंद्र सिंह है। वह जगनेर से आगरा लौट रहे थे। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है। मामले में तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अपहृत किशोरी 3 घंटे में मिली, आरोपी गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, सैंया।

थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को सैंया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरण के आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

जानकारी के अनुसार, 11 जुलाई को थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। घटना की सूचना मिलते ही पीड़िता के पिता ने सैंया थाने में शिकायत दर्ज कराई। उनकी तहरीर के आधार पर शाम करीब 3 बजे प्राथमिकी दर्ज की गई।प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद शाम करीब 6:30 बजे किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। साथ ही आरोपी राजन, निवासी नादन, जिला धौलपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

# फसल शोध प्रक्षेत्र पर रोपे फलदार पौधे

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से रविवार को कस्बा के सारंगपुर रोड स्थित फसल शोध प्रक्षेत्र फार्म पर वृक्षारोपण महायज्ञ 2026' का आयोजन किया गया।

यह अभियान चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति के निर्देशन में चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रक्षेत्र अधीक्षक अतुल नारायण भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे रोपे गए। प्रक्षेत्र अधीक्षक ने बताया कि परिसर में फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे न केवल पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा बल्कि भविष्य में पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने आम जनमानस से भी रोपे गए पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने की अपील की। इस दौरान स्थानीय लोगों की सहभागिता भी देखने को मिली।

प्रक्षेत्र के आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्य रूप से अजीत सिंह, कालीचरण, अंगूरी देवी सहित ग्रामीण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पौधारोपड़ कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**खेरागढ़।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत खेरागढ़ के चेयरमैन सुधीर गर्ग 'गुड्डू' ने सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाह, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# बादल राग में गूंजे सावन के गीत, पावस ऋतु की महिमा पर हुई चर्चा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



**आगरा।** साहित्य संगीत संगम संस्था के तत्वावधान में रविवार को भोगीपुरा स्थित ग्रीन हाउस में ह्यबादल रागह्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आषाढ़, सावन और भादों की ऋतु पर आधारित गीत, कविताएं और संगीतमयी प्रस्तुतियां दी गईं। साहित्यकारों और रचनाकारों ने वर्षा ऋतु के सौंदर्य, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं को अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन ने कहा कि पावस ऋतु जीवनदायिनी ऋतु है, जो धरती को नया जीवन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि बादल प्रकृति के ऐसे प्रहरी हैं जो जीवन और हरियाली का संदेश लेकर आते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ कुमारी पूजा तोमर द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। स्वागत उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विशेषता उसकी छह ऋतुएं हैं, जिनका आनंद और प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देता है। रचनात्मक प्रस्तुतियों के क्रम में हरीश अग्रवाल ढपोर शंख ने हरियाली और आषाढ़ की मनोहारी छटा का वर्णन किया। अशोक अश्रु ने अपनी रचना के माध्यम से संध्या की भावनाओं को स्वर दिया। कुमारी पूजा तोमर ने चलो छुएं बारिश की बूंदें गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। वहीं सुशील सरित ने ओ आषाढ़ के पहले बादल आ, बूंदों की पायल छनका गीत सुनाकर वर्षा ऋतु का सुंदर चित्र खींचा। हरीश भदौरिया ने बादलों की महिमा और धरती के उल्लास का वर्णन किया, जबकि विजया तिवारी ने सावन के आगमन से जुड़े उत्साह और लोकजीवन की भावनाओं को अभिव्यक्त किया।

चंद्रशेखर शर्मा ने बूंद और आकाश के प्रतीकात्मक संबंध पर आधारित अपनी रचना प्रस्तुत की। प्रेम सिंह राजावत ने मेघों से अमृत फुहार बरसाने का आह्वान किया। डॉ. रमेश आनंद ने वर्षा और बिजली की छटा पर आधारित गीत सुनाया। कार्यक्रम में डॉ. यशोयश ने आषाढ़ के विविध रूपों का काव्यात्मक वर्णन किया। समापन सत्र में राग मल्हार और सावन के गीतों की संगीतमयी प्रस्तुतियां दी गईं। लवेश अग्रवाल, कुमारी पूजा तोमर और सुशील सरित ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर सुधीर शर्मा, सौरभ सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील सरित ने तथा आभार हरीश अग्रवाल ने व्यक्त किया।

# कैडिटों ने सीखी इंसास राइफल की हैंडलिंग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रीराम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में चल रहे वन यूपी बटालियन एनसीसी के कैंप में रविवार को कैडिटों को इंसास राइफल की हैंडलिंग सिखाई गई। राइफल ट्रेनिंग के दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल दीपक जुयाल ने बताया कि सभी एनसीसी कैडेटो को अल्फा, ब्रावो, चार्ली और डेल्टा कंपनी में बांटा गया है। जिससे इंटर कंपनी कंपटीशन हो सके। ट्रेनिंग के दौरान हवलदार हुकुम सिंह ने एनसीसी के कैडेट को इंसास राइफल व पॉइंट 22 राइफल का टेक्निकल डाटा, खोलना जोड़ना और फायर के दौरान आने वाली रुकावट को दूर करने तथा फायर करने का तरीका सिखाया। इसके अलावा ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। कैंप में सूबेदार मेजर निर्मल सिंह व ट्रेनिंग जेसीओ एचआर यादव ने बताया की शाम को वॉलीबॉल, टग ऑफ वार प्रतियोगिताएं हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मेजर शंभूजी पांडे, कप्तान मनीष ,लेफ्टिनेंट वरुण कुमार, फर्स्ट अफसर विकास मिश्रा,फर्स्ट अफसर ज्ञानेंद्र तिवारी, सेकंड अफसर रजनी, सूबेदार बृजपाल सिंह, जीसीआई संजना,जे क्यू एम श्याम बुद्धाथोकि, नायब सूबेदार छब्बीलाल राना, हवलदार भास्कर सिंह, शिलास पुलामी, हवलदार रूपेश कुमार, हवलदार बेगम थापा, हवलदार पवन रेगमी, हवलदार मोहिंदर सिंह, हवलदार हुकुम सिंह, मानवेंद्र सिंह, हवलदार महेंद्र कुमार आदि ने ट्रेनिंग कराई। लेखा कार्य का संपादन वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार, वरिष्ठ सहायक नरेश कुमार, वरिष्ठ सहायक हरेंद्र कुमार, कनिष्ठ सहायक बलराम यादव मौजूद रहे।



## 'एक वृक्ष' एक जीवन, एक संकल्प-हरित भारत

**आगरा।** विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के ब्रज क्षेत्र प्रभारी गौरव राय के नेतृत्व में विश्व हिंदू महासंघ द्वारा कुण्डौल आगरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आगरा एवं मथुरा जिले से जिला प्रभारी आगरा अंतेश चौहान, जिला अध्यक्ष आगरा सौरभ परिहार, जिला अध्यक्ष मथुरा वीरपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आगरा प्रदीप कटारा, उपाध्यक्ष आगरा प्रदीप उपाध्याय, उपाध्यक्ष मथुरा ऋषि पाल सिंह, एडवोकेट विवेक उपाध्यक्ष, गगन उपाध्याय, अभिषेक कटारा, उत्तम सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे। एवं कार्यकताओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## पौधारोपण प्रकृति के प्रति कृतज्ञता: प्रो.विजय श्रीवास्तव

आगरा। आरबीएस महाविद्यालय मुख्य परिसर में रविवार को ₹पौधारोपण महायज्ञ 2026₹ कार्यक्रम के तहत बृहद स्तर पर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्रों के द्वारा नीम, पीपल, जामुन, फाइकस और कनेर आदि के पौधों का बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। प्राचार्य ने आज के पौधारोपण को आने वाली पीढ़ी के लिए सर्वोत्तम उपहार कहा। इस अभियान में वनस्पति विज्ञान प्रभारी प्रोफेसर देवेश कुमार, डॉ अम्बरीष कुमार तथा सांख्यिकी विभाग से डॉ आलोक कुमार सिंह व जूलॉजी विभाग से सेवा निवृत्त प्रोफेसर राजवीर सिंह, प्रो. जेपी श्रीवास्तव शोध छात्र जयदेव ओझा, कृषि छात्र कौस्तुभ मणि, माली रमाशंकर यादव, बॉबी तथा अनेकों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खाद्य एवं रसद विभाग ने रोपे 32 पौधे

**आगरा।** शासन के निर्देश पर ₹एक वृक्ष माँ के नाम₹ कार्यक्रम के तत्वावधान में खाद्य एवं रसद विभाग के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, आनंद कुमार सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, नंदकिशोर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, विनीत कुमार विक्रय अधिकारी आईओसीएल की उपस्थिति में शहीद गैस एजेंसी पर विभिन्न किस्मों के 32 पौधों को रोपित कर उन्हें संरक्षित रखने की शपथ ली गई।

## कदमखंडी जैंगारा में बनेगा उत्सव भवन

**कागारौल-किरावली (आगरा)।** चाहरवाटी क्षेत्र के पवित्र स्थल कदमखंडी, जैंगारा में मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत लगभग 58 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले उत्सव भवन का रविवार को हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने क्षेत्र के वरिष्ठजनों एवं बुजुर्गों के करकमलों से शिलान्यास कराया।
सांसद ने कहा कि उत्सव भवन का निर्माण क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को नई दिशा प्रदान करेगा। इस भवन निर्माण में दो कमरे, एक हॉल, नहाने के बाथरूम, शौचालय, मीठे पानी की व्यवस्था की जाएगी। भवन बनने से स्थानीय लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्सव भवन बनने से कदमखंडी, जैंगारा सहित आसपास के गांवों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक लवानिया ने की। जबकि संचालन महावीर सिंह ने किया।

## खेरागढ़ में रोपे गए 1500 पौधे

**खेरागढ़।** वृक्षारोपण महाअभियान के तहत रविवार को खेरागढ़ क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य केंद्रों, थाना परिसर, नगर पंचायत, मंडी और निजी संस्थानों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। एसीपी प्रीता दुबे, चेयरमैन सुधीर गर्ग 'गुड्डू', ब्लॉक प्रमुख अनिल सिकरवार सहित विभिन्न अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने पौधे लगाए। एडीओ पंचायत दीवान सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों में हजारों पौधे रोपे गए। जबकि पंचायतीराज विभाग ने मियांवाकी पद्धति से भी पौधरोपण कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ आरके सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर करीब 1500 पौधे लगाए गए। शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा एवं रणजीत चाहर ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में भी पौधे लगाए हैं। सोमवार को भी पौधा रोपण किया जाएगा। अभियान के दौरान लोगों को पौधों की देखभाल का भी संकल्प दिलाया गया।



## रालोद की बैठक में जोन कोऑर्डिनेटर नियुक्त

खेरागढ़। राष्ट्रीय लोकदल के जिला संगठन की मासिक बैठक रविवार को खेरागढ़ स्थित एक विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन विस्तार और नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पं गोविंद शर्मा ने बताया कि खेरागढ़ विधानसभा क्षेत्र को नौ जोन में विभाजित कर जोन कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। जल्द ही सेक्टर अध्यक्षों और बूथ समितियों का गठन कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के साथ मिलकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी की जाएगी। बैठक में युवा लोकदल के नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को आम खिलाकर मैंगो पार्टी का आनंद लिया। इस दौरान डा जितेंद्र शर्मा, मंजीत फौजी, भूदेव जगरिया, शिवम ठाकुर, बबलू प्रजापति, दीपेंद्र सिकरवार सहित



## बेसिक शिक्षा विभाग ने रोपे पौधे

**आगरा।** बेसिक शिक्षा विभाग को वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में 19363 का लक्ष्य प्राप्त हुआ। जिसके सापेक्ष शत प्रतिशत वृक्षारोपण कराते हुए लगभग 80% जिओ ट्रैकिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया। रविवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आगरा द्वारा भी विकासखंड खंदौली में छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण का कार्य प्रातः 7:00 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया। जिसमें समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

## आश्रम में सो रही वृद्धा की सांप के डंसने से हुई मौत

**फतेहाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव रिहावली स्थित यमुना ब्रिज खजूर आश्रम में रविवार तड़के एक वृद्धा को सोते समय सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ने उसे सीएचसी फतेहाबाद में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रिहावली स्थित यमुना ब्रिज खजूर आश्रम में रहने वाले बाबा पागल दास ने बताया कि वह आश्रम में गौसेवा करते हैं। रविवार सुबह करीब पांच बजे उनकी पत्नी बुद्धाबाई आश्रम में सो रही थीं। इसी दौरान एक काले सांप ने उनके पैर में डस लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उन्हें सीएचसी फतेहाबाद लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। वहीं इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सांसद राजकुमार चाहर ने किया पौधारोपण

कागारौल-किरावली (आगरा)। फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के गांव इकराम नगर स्थित पवित्र कदमखंडी मंदिर परिसर में फतेहपुर सीकरी सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं। बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अवधपुरी में सड़क निर्माण का शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया भूमिपूजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए रविवार को अवधपुरी क्षेत्र स्थित शिव विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा एवं कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विकास कार्यों की आधारशिला रखी। 'मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना' के अंतर्गत होने जा रहा यह निर्माण कार्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को बेहतर, गड्ढामुक्त और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा।

भूमिपूजन के उपरांत कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनने और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिव विहार कॉलोनी में 'जनता की चौपाल' लगाई। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने देश और प्रदेश में संचालित विकास यात्रा का खाका खींचा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूरदर्शी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में देश-प्रदेश सुशासन और अभूतपूर्व विकास का गवाह बन रहा है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर भारत व सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण में सहभागी बनें।

शिव विहार निवासी मुरारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सांगठनिक और सामाजिक एकजुटता की अनूठी झलक देखने को मिली। इस अवसर पर वार्ड 73 की पार्षद मीनाक्षी वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता संतोषी लाल, संजय शर्मा, बबलू चाहर, दिलीप सक्सेना तथा रविन्द्र पचौरी प्रमुख रूप से मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में रेणुका सहित स्थानीय प्रबुद्धजनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### जनता ने मंत्री का जताया आभार

लंबे समय से शिव विहार और अवधपुरी क्षेत्र के लोग सड़कों की सुदृढ़ व्यवस्था की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत इस मांग के पूरे होने पर स्थानीय निवासि.यों में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। जनता ने अपनी समस्याओं को तत्परता से हल करने और क्षेत्र को विकास की नई सौगात देने के लिए कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का आभार व्यक्त किया।

# पौधारोपण जन भागीदारी से बने सामाजिक आंदोलनः प्रो. एसपी सिंह

## जनपद में एक माह बाद चलाया जाएगा पोषण अभियान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय, नामित नोडल अधिकारी आईएएस डॉ. हरिओम, विधायक चौधरी बाबूलाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह व मुख्य वन संरक्षक अनिल पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में शास्त्रीपुरम, ब्लॉक डी पार्क में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि वृक्षारोपण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सामाजिक आंदोलन है। पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा, देखभाल एवं जीवित रहने की दर सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़ने का आह्वान किया।

उच्च शिक्षामंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्राचीन परंपरा में प्रकृति और वृक्षों को सदैव पूजनीय माना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न अभियान उसी भावनात्मक परंपरा को आधुनिक जनआंदोलन का स्वरूप देता है। प्रत्येक पौधे का संरक्षण और संवर्धन भी परिवार के सदस्य की तरह किया जाए।

प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता व जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी डॉ हरिओम ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा 35 करोड़ पौधरोपण का वृहद लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पौधा लगाकर उसे अपनी आंखों के सामने वृक्ष बनते देखना जीवन के सबसे बड़े सुख और संतोष में से एक है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य तथा स्वस्थ एवं सुखद जीवन के लिए वृक्षों का विशेष महत्व है। महायज्ञ के अंतर्गत प्रदेश में 35 करोड़ तथा जनपद आगरा में लगभग 53.94 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि जनपद को आवंटित लक्ष्य 53.94 लाख के सापेक्ष विभिन्न विभागों ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायतराज विभाग, आवास विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, नगर विकास विभाग, नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग समेत समस्त विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए लक्ष्य से अधिक पौधारोपण किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजाद भगत सिंह, डीएफओ राजेश कुमार, महेश शर्मा, नवीन गौतम, पार्षद गौरव शर्मा, प्रवीना राजावत, वीरेंद्र राजपूत, डॉ रामबाबू हरित, मोहन सिंह चाहर, रोहित कत्याल आदि उपस्थित रहे।

# माँ का सम्मान और प्रकृति संरक्षण दोनों जरूरी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से ह्यएक वृक्ष माँ के नामह्न अभियान के अंतर्गत इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति द्वारा आवास विकास कॉलोनी स्थित प्रगति पार्क, सेक्टर-16 में भव्य वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं, पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. रामनरेश शर्मा की माताजी विमलेश देवी के करकमलों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इसके पश्चात फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने छायादार, फलदार एवं पर्यावरण के लिए उपयोगी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। सभी ने पौधों के स ं र क्षा ण, नि य मि त देखभाल तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का स ा म ू हि क संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का दायित्व निभाए, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण, शुद्ध वायु और संतुलित प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ह्यएक वृक्ष माँ के नामह्न केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और मानवता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का प्रेरणादायी जनआंदोलन है।





कार्यक्रम में इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति के महासचिव अजय शर्मा ने नागरिकों से अपने घर, विद्यालय, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर ब्रजेश शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. रामनरेश शर्मा, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि पवन आगरी, सुमित चौधरी, अंगद सिंह सिसोदिया, पूर्व पीडब्ल्यूडी अधिकारी सोनी सिंह, आराध्या शर्मा, श्रुति शर्मा, अरुण सिंह, देव कश्यप उपस्थित रहे।

# मेहंदी में खुशबू और सिलाई में पूनम प्रथम

70 लाभार्थियों को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**आगरा।** राधे-राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र सुमन ब्यूटी पार्लर एंड सिलाई सेंटर नगला पद्दी, विद्या नगर आगरा पर पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष रूपेश गोला, उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रजापति, कुंज बिहारी प्रजापति एवं समाजसेवी लीलाधर, राजो देवी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्यार्पण कर हुआ। कार्यक्रम में 70 लाभार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण किए गए।



सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की प्रस्तुति आसना, तनिष्का, शैली, निशा, शालिनी द्वारा की गई। मुस्कान, मोनिका, रिया, कृष्णा, प्राची, कामिनी, मोहिनी ने अतिथियों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया। केंद्र संचालिका सुमन सिसोदिया ने बताया कि सिलाई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम देवी, द्वितीय सरिता देवी व तृतीय कमीनी ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू प्रजापति, द्वितीय स्थान रिषिका सिंघल व तृतीय प्रेमलता ने प्राप्त किया। ब्यूटीशियन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कामनी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णय केंद्र संचालिका सुमन सिसोदिया ने किया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष रूपेश गोला, उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रजापति, कुंज बिहारी प्रजापति, रवि रावत, मनोज रावत द्वारा सभी विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरव सोशल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के निदेशक गौरव अग्रवाल ने सभी अतिथियों को राधा कृष्ण की तस्वीर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रवि रावत ने किया। इस अवसर पर खुशी, शगुन, मोहिनी, मुस्कान, तनिष्का, शैली, जानवी, प्राची, प्रेमलता, कामिनी, शालिनी, अंजलि, सौम्या, प्रियांशी, टीना, शीतल, शालू, उपासना, अनुष्का, सोनू रावत, सतीश रावत, भूदेवी, सुमीता शीतल देवी आदि मौजूद रहीं।

# 'रन फॉर नेशन' में दौड़े 300 विद्यार्थी

## एबीवीपी की ओर से आयोजित मैराथन में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

महानगर की पूर्वी नगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 'रन फॉर नेशन' थीम पर भव्य मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी हरिओम गोयल (बाबा) ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन में शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मैराथन के पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व प्रांत कोषाध्यक्ष बलराम कांत ने कहा कि ₹एबीवीपी का उद्देश्य केवल शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण करना है। आज का विद्यार्थी ही कल का राष्ट्र निमार्ता है।₹ इस अवसर पर नगर मंत्री कार्तिक सिंह और नगर सह मंत्री गुनगुन ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं से अनुशासन, मेहनत और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। जिसमें मुख्य से महानगर सह-मंत्री प्रथम गोयल, नगर सह-मंत्री ध्रुव कंसल, शिवम दिवाकर, माधव बंसल, दामिनी, तपस्या, साक्षी उपस्थित रहे।

# लोधी समाज के धैर्य की परीक्षा न ले प्रशासनः सुनील

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विगत 8 जुलाई को महावीर नाला सुभाष बाजार में में हुई घटना में लापता गंगा देवी को पाँच दिन में न तलाश कर पाना प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। नि. जिलामंत्री भाजपा डॉ. सुनील राजपूत ने कहा कि आगरा प्रशासन लोधी समाज के धैर्य की परीक्षा ना ले। प्रशासन गीता देवी को पाँच दिन से नहीं तलाश पा रहा है तो एनडीआरएफ या सेना की मदद क्यों नहीं लेता। लोधी समाज शांत है कमजोर नहीं है। अगर प्रशासन का रवैया यही रहा तो लोधी समाज हजारों लोगों के साथ धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगा। केरन सिंह ने कहा कि जब तक प्रशासन मेरी पत्नी को नहीं तलाश देता तब तक परिजन घर नहीं जाएँगे।



देवी सिंह ने कहा कि मुश्किल की घड़ी में लोधी समाज पीड़ित परिवार के साथ है। प्रमुख रूप से प्रकाश राजपूत, सत्यप्रकाश लोधी, तेजवीर प्रधान, देवी सिंह राजपूत, केरन सिंह, सोनू लोधी, राजकुमार लोधी, बलवीर सिंह प्रधान, सोन देवी, लालो देवी, ओमवती, कुनिया देवी, मुन्नी देवी, शशि, हेमलता, मनीष लोधी, रामप्रकाश लोधी, धर्मेंद्र राजपूत, रामवीर लोधी, बहादुर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एनसीआरईएस ने किया विरोध प्रदर्शन

## आगरा कैंट स्टेशन आरपीएफ पर अधिकारी से अभद्रता का आरोप

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कैंट स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात डीवाईएसएस नरेंद्र सिंह चाहर के साथ आरपीएफ द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और उन्हें प्लेटफॉर्म पर घसीटकर ले जाने का आरोप लगाया गया है। घटना को लेकर रेल कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही एनसीआरईएस के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता तुरंत स्टेशन पर पहुँच गए और आरपीएफ थाने के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आरपीएफ थाने पर मौजूद वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने एनसीआरईएस को सूचित किया कि तत्काल प्रभाव से दोषी आरपीएफ कर्मचारियों धीरज (अरक), बाल किशन (अरक), बदन सिंह (सिपाही) और जितेंद्र कुमार (सिपाही) को निलंबित कर दिया गया है।

डीआरएम ने घटना की जांच के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। एनसीआरईएस के मंडल सचिव ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए डीआरएम आगरा तथा सीनियर डीओएम से मिलकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा है।

प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष दीपक गोयल, संयुक्त मंडल सचिव जीएस वर्मा, घनश्याम मीणा, दुर्गा प्रसाद, अजय कुलश्रेष्ठ, सिया राम मीणा, दिनेश शर्मा, विद्याल पांडेय, विक्रम सिंह, अतुल दुबे, हरेश कुमार, देवेंद्र जादौन, बाबू, पीएल मीणा, आमिर और ओंकार सहित एनसीआरईएस आगरा मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय के तीन परिसरों में रोपे गए 400 पौधे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में माननीय कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए राष्ट्रव्यापी ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस परिसर (खंदारी), छलेसर परिसर एवं पालीवाल पार्क परिसर में एक साथ 400 पौधों का रोपण किया गया।

आयोजन कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छायादार, फलदार एवं औषधीय प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर एवं सतत विकास के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया।

कुलपति प्रो. आशु रानी ने स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर), राष्ट्रीय कैडेट कोर (ठउउ), विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने कहा की ₹प्रकृति हमारी जीवनदाता है। पेड़-पौधे, जल, वायु और धरती मिलकर जीवन का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि प्रत्येक नागरिक इस वर्षा ऋतु में अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प ले, तो हमारा देश न केवल हरित बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण भी मिलेगा। वहीं कुलसचिव अजय मिश्रा ने पालीवाल पार्क परिसर में पौधे लगाकर अभियान का नेतृत्व किया। इसके अलावा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (छलेसर) परिसर में भी ये आयोजित किया गया।

इस दौरान डॉ. मनोज राठौर, डॉ. अखिलेश सक्सेना, डॉ. महेश फौजदार, डॉ. रत्ना पांडेय, डॉ. नीरज कुशवाहा आदि ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. बीएस शर्मा, डॉ. पूनम तिवारी आदि मौजूद रहीं।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

सम्पादकीय

# बदलाव की बयार

भरत की शव यात्रा में उमड़ी भीड़ बिहार के नए समाज का आइना कही जा सकती है। हालांकि बिहार सरकार का रवैया पारंपरिक रहा। वह प्रशासन के ही बचाव में नजर आई। लेकिन जनाक्रोश देखते हुए उसे झुकना पड़ा। भरत की हत्या की जांच के लिए पटना हाईकोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अगुआई में जांच आयोग गठित किया गया है। इसी बीच आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जिनमें डीएसपी और शाहपुर के थानेदार भी शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर सवर्ण के पक्ष में दलित और पिछड़ों के उतरने से जाति और धर्म के आधार पर चाल चलने वाली राजनीति को परेशानी जरूर महसूस हो रही होगी। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि समाज की सोई सकारात्मक आत्माएं ऐसे ही जागती हैं और बदलाव की बुनियाद बनती हैं। बस उसके लिए चिंगारी की जरूरत होती है। उम्मीद की जा सकती है कि भरत की हत्या के बाद उभरा जनाक्रोश प्राचीन भारतीय सामाजिक सोच को उभारने का प्रस्थान बिंदु बनेगा, जिसमें समायोजन होगा और मेलजोल भी। जाति और धर्म के बिना आज राजनीति की कल्पना बेमानी है, लेकिन बिहार में जातिवाद का असर कुछ ज्यादा ही दिखता है। यहां मानस किस कदर जातिवाद के घेरे में है, इसे समझने के लिए किसी खास जाति के अपराधियों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई को देखना होगा। तब उस अपराधी के जाति विशेष द्वारा उसे बेकसूर बताने और कार्रवाई को जातिवादी बदला बताने की होड़ लग जाती है। लेकिन इसी बिहार में हाल ही में हुई एक घटना की प्रतिक्रिया में उभरा जनाक्रोश इसके ठीक उलट है। इसमें जाति और धर्म की सीमाएं टूट गई हैं। भोजपुर पुलिस के कथित एनकाउंटर में मारे गए सवर्ण युवक भरत तिवारी के इंसाफ के लिए उतरे लोगों के बीच कोई जातीय दीवार नजर नहीं आ रही। हालांकि इसे भी जातीय रंग देने की कोशिश की गई, तो उसके खिलाफ उसी दलित समाज के स्त्री और पुरूष मैदान में उतर आए, जिनकी रहनुमाई का दावा करने वाली राजनीति हस्ती ने यह रंग देने का प्रयास किया था। गांव वाले मानते हैं कि प्रशासन के प्रति भरत के मन में गुस्सा था। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में एक पुलिस वाले का एनकाउंटर करने की भी बात कही थी। इसके वायरल होने के बाद पुलिस ने भरत के खिलाफ जांच शुरू की थी। गांव पहुंची पुलिस के सामने भरत के माता-पिता ने भी उन्हें डांटा था। पुलिस से भरत की नोकझोक और झूमाझटकी भी हुई थी। इसके बाद 16 जून को एक बयान में पुलिस ने उन्हें मानसिक रूप से अस्थिर बताया था। लेकिन अगले ही दिन यानी सत्रह जून को पुलिस ने उन्हें घेर लिया। तब भरत के हाथ में पिस्तौल थी। उन्होंने जवानियां के गड्ढे भरने के साथ तीन मांगें रखीं थी। जब प्रशासन ने उनकी मांगें मानने का भरोसा दिया तो उन्होंने पिस्तौल फेंक कर सरेंडर कर दिया था। जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। पुलिस वहां से उन्हें ले गई और बाद में उन पर पंद्रह-बीस फायर करने का आरोप लगाते हुए उनके मुठभेड़ की बात कही थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया था, जहां सत्रह जून को उनकी मौत हो गई। लेकिन पुलिस की थ्योरी पर लोगों को भरोसा नहीं हुआ और इलाके का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का कहना है कि जब भरत ने पिस्तौल पुलिस को सौंप दी तो फिर वे गोली कैसे चला सकते हैं।

# जिंदाबाद असहमति, सवाल पूछना जरूरी है! आलोचना लोकतंत्र का पोषण है

"बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि सरकार की आलोचना और शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र का मूल अधिकार है, अपराध नहीं। अदालत ने केवल विरोध के आधार पर एफआईआर और निर्वासन को असंवैधानिक बताया। फैसले ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया, हालांकि ऐसे संरक्षण का लाभ अभी सभी असहमत नागरिकों को समान रूप से नहीं मिल रहा।

जरा एक पल के लिए ऐसे भारत की कल्पना कीजिए, जहाँ हर नागरिक सरकार की हर बात पर "जी हुजूर" कहे। संसद की बहसें कुछ मिनटों में खत्म हो जाएँ। टीवी चैनलों पर बहस की जगह केवल सरकारी प्रेस नोट पढ़े जाएँ। अखबारों के संपादकों का काम सिर्फ. अल्पविराम और पूर्णविराम ठीक करना रह जाए। सोशल मीडिया पर हर तरफ एक ही नारा गूँजे; "वाह सरकार, कमाल कर दिया!"

सब कुछ शांत दिखाई देगा। कोई विवाद नहीं, कोई बहस नहीं, कोई सवाल नहीं। लेकिन उसी खामोशी में लोकतंत्र धीरे-धीरे पिछले दरवाजे से बाहर निकल जाएगा। खुशकिस्मती से भारत कभी अंधी आज्ञाकारिता पर नहीं बना। भारत बहस, तर्क और मतभेद की जमीन पर खड़ा हुआ है।

यूरोप में ज्ञानोदय की हवा चलने से बहुत पहले भारत में जंगलों, आश्रमों, मंदिरों, बौद्ध विहारों और गाँव की चौपालों में विचारों की खुली बहस होती थी। यहाँ तलवारें कम, विचार ज्यादा टकराते थे।

गौतम बुद्ध ने कर्मकांड, ऊँच-नीच और अंधविश्वास पर सवाल उठाए। महावीर ने अहिंसा और समानता का रास्ता दिखाया। चार्वाक ने वेदों की सत्ता तक को चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि बिना प्रमाण किसी बात को मत मानो। उनके अपने ग्रंथ भले न बचे हों, लेकिन उनके विरोधियों ने भी उनके विचारों को दर्ज किया। यही किसी आत्मविश्वासी सभ्यता की सबसे बड़ी पहचान है कि वह अपने विरोधी की आवाज भी मिटाती नहीं।

बाद में कबीर ने मंदिर और मस्जिद दोनों में फैले पाखंड पर बराबर चोट की। रैदास ने जाति के घमंड को ललकारा। गुरु नानक ने इंसानों की बराबरी का संदेश दिया। मीराबाई ने राजसत्ता के आगे अपनी अंतरात्मा नहीं बेची। तुकाराम ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई।

आधुनिक भारत में राजा राममोहन राय ने सती प्रथा का विरोध किया। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों और वंचित समाज की शिक्षा का बिगुल बजाया। पेरियार ने अंधविश्वास और जातीय वर्चस्व पर करारा हमला किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सदियों पुरानी भेदभाव की दीवारों को चुनौती दी और हमें ऐसा संविधान दिया जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की रक्षा करता है।

इनमें से कोई भी अपने समय की सत्ता का लाड़ला नहीं था। कई लोगों का मजाक उड़ाया गया। उन्हें समाज से अलग किया गया। जेल भेजा गया। देशद्रोही, विधर्मी या खतरनाक तक कहा गया। लेकिन इतिहास ने आखिरकार सम्मान उन्हीं लोगों को दिया जिन्होंने सवाल पूछे, न कि उन्हें जिन्होंने सवाल दबाए।

भारत की आजादी की लड़ाई भी असहमति की



मिसाल है। भगत सिंह ने कहा कि क्रांति विचारों से आती है। सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजी हुकूमत को सीधी चुनौती दी। टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज ने विदेशी और दमनकारी सत्ता के सामने झुकने से इनकार किया। इन सबका संदेश एक था; अन्याय के सामने खामोश रहना सबसे बड़ी गलती है।

आज लोकतंत्र उसी विरासत को आगे बढ़ाता है। सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन संविधान स्थायी है। इसी कारण संविधान का अनुच्छेद 19 हर नागरिक को अभिव्यक्ति की आजादी देता है। लोकतंत्र में नागरिक प्रजा नहीं होता और सरकार कोई ऐसी संस्था नहीं, जिससे सवाल न पूछा जा सके।

सर्वोच्च न्यायालय भी बार-बार यही बात दोहराता रहा है। केदारनाथ सिंह मामले में अदालत ने साफ कहा कि सरकार की आलोचना तब तक देशद्रोह नहीं है, जब तक वह हिंसा भड़काने की कोशिश न करे। श्रेय सिंघल मामले में अदालत ने इंटरनेट पर अभिव्यक्ति को दबाने वाले कानून को रद्द करते हुए कहा कि केवल चर्चा करना या किसी विचार का समर्थन करना अपराध नहीं हो सकता। हाल के वर्षों में भी सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि असहमति लोकतंत्र का सेफ़्टी वाल्व है। यदि यह वाल्व बंद कर दिया जाए तो एक दिन पूरा तंत्र फट सकता है। यह बात हर सरकारी दफ़्तर की दीवार पर लिखी जानी चाहिए।

फिर भी हर कुछ साल बाद कुछ लोग यह खोज निकालते हैं कि सरकार से सवाल पूछना देशविरोध है। मानो सवाल पूछने से देश कमजोर हो जाता है और बिना सोचे-समझे ताली बजाने से देश मजबूत हो जाता है।

अगर यही तर्क सही है, तो सबसे अच्छा डॉक्टर वह होगा जो कभी बीमारी न बताए। सबसे अच्छा पत्रकार वह होगा जो कभी बुरी खबर न छापे। और सबसे अच्छा न्यायाधीश वह होगा जो हर मुकदमे में सरकार के पक्ष में फैसला सुना दे।

सच्ची देशभक्ति ताली बजाने में नहीं, बल्कि चौकन्ना रहने में है। जो नागरिक गलत नीतियों पर सवाल उठाते हैं, वे अक्सर लोकतंत्र की रक्षा कर रहे होते हैं। लोकतंत्र आलोचना से बेहतर होता है, जबकि तानाशाही सिर्फ. तारीफ पर पलती है।

भारत में व्यंग्य और हास्य भी हमेशा सत्ता को आईना दिखाने का जरिया रहे हैं। पुराने राजाओं के दरबार में विदूषक वह सच कह देता था, जिसे मंत्री भी कहने से डरते थे। जब विदूषक खामोश हो जाए, तब राजा को हर ताली सच्ची लगने लगती है। भारत की सबसे बड़ी ताकत एक जैसी सोच नहीं, बल्कि विविधता है। यहाँ आस्तिक भी रहे, नास्तिक भी। संत भी हुए, संशयवादी भी। कवि भी हुए, क्रांतिकारी भी। तीन हजार साल से हम बहस करते आए हैं, फिर भी एक सभ्यता बने हुए हैं। यही हमारी असली पहचान है।

शांतिपूर्ण असहमति को दबाने से देश मजबूत नहीं होता। केवल इतना होता है कि गलतियाँ समय पर दिखाई नहीं देतीं। आत्मविश्वास से भरी सरकार सवालों का जवाब तथ्यों से देती है। असुरक्षित सरकार कानून का डर दिखाती है।

इतिहास का फैसला हमेशा दिलचस्प रहा है। हर पीढ़ी पहले अपने असहमत लोगों को गालियाँ देती है, फिर कुछ दशक बाद उन्हीं की मूर्तियाँ बनवाती है।

शायद समझदारी इसी में है कि मूर्ति बनाने से पहले उनकी बात सुन ली जाए।

असहमति ज़िंदाबाद। क्योंकि असहमति लोकतंत्र की दुश्मन नहीं, उसकी सबसे पुरानी, सबसे बहादुर और सबसे वफादार साथी है।

याद रहेः " कमजोर लोकतंत्र शक्तिशाली तानाशाही से बेहतर होता है।"

**-बृज खंडेलवाल**

# चुपचाप क्या प्लान बना रहा था बलोचिस्तान

अब यही मिट्टी पाकिस्तान को बर्बाद करेगी। मलूचो ने तो यहां तक कह दिया है कि पाकिस्तान को खत्म करने के लिए हमें मॉडर्न हथियारों की जरूरत नहीं है। हम तो पूरे पाकिस्तान को अपनी राइफलल्स से खत्म कर सकते हैं। कुछ समय पहले एक बलूच लीडर ने कहा था कि 1971 में 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने सरेंडर करते वक्त भारत को जो बंदूकें सौंपी थी, वो बंदूकें 10-10 गोलियों के साथ हमें दे दीजिए। हम पाकिस्तान को उन्हीं से खत्म कर सकते हैं। बलूचिस्तान ने चुपचाप ऐसा प्लान बनाया जिसने भारत समेत पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कुछ ना होते हुए भी बलूचों ने सिर्फ मिट्टी और पत्थर से वो कर दिखाया जो बड़े-बड़े देशों की सेनाएं नहीं कर सकती। हालांकि बलूचों ने भारत से एक चीज जरूर मांगी है। जंग लड़ने के लिए दो चीजें बेहद जरूरी है। हौसला और हथियार। लेकिन बलूचिस्तान के फ्रीडम फाइटर्स ने दुनिया को दिखाया है कि हथियार भले ही कम हो, कोई टेक्नोलॉजी ना हो, कोई वॉर रूम भी ना हो, फिर भी दुश्मन की धज्जियां उड़ाई जा सकती हैं। बलूचों ने मिट्टी पत्थर से जंग का मॉडल तैयार किया और पाकिस्तान पर बड़ा हमला कर दिया। ऐसा हमला करने के लिए हौसला चाहिए। पाकिस्तान पर हमला करने के बाद बलोच फाइटर्स ने दुनिया को अपना वॉर रूम दिखाया है। इस वॉर रूम में कोई कंप्यूटर, प्रोजेक्टर या बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन नहीं है। यहां सिर्फ बलूचों की जमीन की मिट्टी और पत्थर हैं।

**-अनाम**

# दिल्ली की ईवी नीति: क्या स्वच्छ हवा की राह इलेक्ट्रिक होगी?

लगभग डेढ़ दशक पहले बीजिंग दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में था। तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि वही शहर आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक उदाहरण बन जाएगा। चीन सरकार ने शहरी परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों व टैक्सियों का बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया। इससे वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ, हालांकि प्रदूषण पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ।

दिल्ली आज बहुस्तरीय प्रदूषण संकट से जूझ रही है। सर्दियों में धीमी हवाओं और तापमान उलटाव से जहरीली हवा फंस जाती है। वाहनों का दबाव, निर्माण व औद्योगिक धूल, पराली जलाने का धुआं और कचरा/बायोमास दहन प्रदूषण को और गहरा करते हैं। आसपास के कोयला आधारित बिजलीघर और मथुरा रिफायनरी से निकलने वाले सल्फर डाइऑक्साइड व नाइट्रोजन ऑक्साइड भी वायु गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। इन सबके संयुक्त प्रभाव से सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गंभीर संकट खड़ा होता है और सरकारों के सामने ऊर्जा संक्रमण, क्षेत्रीय सहयोग तथा शहरी परिवहन सुधार जैसी चुनौतियां उपस्थित होती हैं। इन परिस्थितियों के बीच दिल्ली सरकार द्वारा अधिसूचित नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2026 केवल परिवहन नीति नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संक्रमण की दिशा में एक महत्वाकांक्षी पहल के रूप में सामने आई है।

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की यात्रा केवल राज्यों की पहल तक सीमित नहीं रही। केंद्र सरकार ने 2015 में फेम इंडिया योजना शुरू की, जिसे बाद में फेम-11 के रूप में विस्तारित किया गया। अनुदान, बैटरी निर्माण, चार्जिंग अवसंरचना तथा पीएम ई-ड्राइव जैसी पहलों के माध्यम से केंद्र सरकार ने केवल वाहन खरीद ही नहीं बल्कि पूरे ईवी पारितंत्र को विकसित करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रीय प्रयासों के समानांतर अनेक राज्यों ने अपनी-अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीतियां बनाई हैं। दिल्ली के साथ-साथ,




उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों ने ऐसी नीतियां लागू कीं, जिससे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटे, प्रदूषण कम हो और हरित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिले।

दिल्ली ने वर्ष 2020 में देश की सबसे प्रगतिशील इलेक्ट्रिक वाहन नीतियों में से एक लागू की थी, जिसका आधार प्रोत्साहन था। खरीद पर सब्सिडी, सड़क कर एवं पंजीकरण शुल्क में छूट, चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वेच्छा से इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ कि दिल्ली देश के सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजारों में शामिल हो गई, विशेषकर दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शा के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2026 की नई नीति इसी यात्रा का अगला चरण है। यदि 2020 की नीति को 'प्रोत्साहन आधारित नीति' कहा जाए, तो 2026 की नीति 'समयबद्ध परिवर्तन आधारित नीति' है। अब सरकार केवल रियायतें देकर लोगों की स्वैच्छिक भागीदारी पर निर्भर नहीं रहना चाहती, बल्कि स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर चरणबद्ध रूप से पेट्रोल और सीएनजी वाहनों से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर संक्रमण सुनिश्चित करना चाहती है। इसी उद्देश्य से 1 जनवरी 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा तथा 1 अप्रैल 2028 से केवल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के नए पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। यही गुणात्मक परिवर्तन नई नीति को 2020 की नीति से अधिक साहसिक, स्पष्ट और दूरगामी बनाता है। विद्युत

यद्यपि नई नीति में इलेक्ट्रिक कारों की खरीद पर भी कर एवं पंजीकरण शुल्क में छूट सहित विभिन्न प्रोत्साहनों का प्रावधान है, फिर भी सरकार का मुख्य जोर दोपहिया वाहनों के विद्युतीकरण पर है, क्योंकि दिल्ली के लगभग दो-तिहाई पंजीकृत वाहन इसी श्रेणी के हैं। इनके विद्युतीकरण से वायु प्रदूषण, ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन में सबसे अधिक कमी लाई जा सकती है।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी केवल पर्यावरणीय परियोजना नहीं, बल्कि औद्योगिक नीति भी है। बैटरी निर्माण, सॉफ्टवेयर, चार्जिंग नेटवर्क, बिजली वितरण, ऑटोमोबाइल विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में लाखों नए रोजगार सृजित हो सकते हैं। यदि भारत इस क्षेत्र में समय रहते निवेश करता है तो वह वैश्विक ईवी आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है।

परंतु किसी भी नीति की सफलता केवल उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन से तय होती है। दिल्ली की नई नीति के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं।

**-ललित सुरजन**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 14 जुलाई 2026 मंगलवार आषाढ़ कृष्ण अमावस्या**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

**शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल**

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन साक्षात पराक्रम के देवता पवनपुत्र भगवान हनुमान की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को अर्घ्य स्वरूप लाल पुष्प अर्पित करना तथा हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का पाठ करना जीवन में असीम साहस आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी मंदी आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। पवनपुत्र हनुमान जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी बड़े और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। हनुमान अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल सांगठनिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। हनुमान जी के सम्मुख दीपक प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी बड़े व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता सीता को लाल पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सिंदूर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी बड़े नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी कठिन मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। निर्धन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में लाल फल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। हनुमान कवच का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का बड़ा लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखा पढ़ी के कोई बड़ा आर्थिक व्यवहार न करें। सुंदरकांड का मानसिक पाठ या श्रवण करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साजेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए बड़े व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। अंजनीपुत्र हनुमान जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर चक्रव्यूह को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत बड़ी और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। वानरों को चना या केला खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई बड़ा राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को बड़ी राहत मिलेगी। किसी हनुमान मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

**आज का वास्तु शोधनम सूत्र**

मंगलवार के दिन घर के मुख्य हॉल में दक्षिण या दक्षिण पूर्व की दिशा में लाल रंग का कोई सुंदर शोपीस या तांबे का मंगल यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात बजरंगबली की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा बढ़ती रहती है।

# मथुरा में 33 लाख से ज्यादा पौधे रोप किया धरा का श्रृंगार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




- गोरवा वन ब्लॉक में वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम हुआ
- जनपद में एक दिवस में 3325200 पौधे रोपित करने का लक्ष्य था, 3361200 पौधे रोपे गए
- पौधों की परिवरिश एक अभिभावक की तरह करनी होगी: चौ. लक्ष्मी नारायन

गोरवा वन ब्लॉक में गोवर्धन पर्वत की तलहटी में रविवार को वृक्षारोपण महाभियान की शुरूआत कर जनपद भर में 33 लाख से ज्यादा रोप ब्रज की धरा का श्रृंगार किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में "एक पेड़ माँ के नाम" संदेश से आम-जनमानस को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि पौधों को लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी अति आवश्यक है। हम सभी को मिलकर पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ रखना है। सभी को वृक्ष लगाने के साथ-साथ उनका अभिभावक की भांति पालन पोषण भी करना चाहिए। सांसद तेजवीर सिंह ने कहा किहम सभी को अपने जीवन काल में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वास्थ्य वर्धक एवं उपजाऊ वातावरण प्राप्त हो सके। विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह ने सभी नागरिकों से "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से जुड़ते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि जनपद में वन विभाग सहित सभी विभागों, स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन के सहयोग से आज 3361200 पौधों का रोपण किया गया।

वृक्षारोपण महायज्ञ-2026" के तहत जनपद में एक दिवस में 3325200 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष आज 3361200 पौधे लगाए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में माननीय जन-प्रतिनिधिगणों, जिला स्तरीय अधिकारियों, वन विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने पौधारोपण किया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, ट्रेन से गिरने की आशंका

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

रविवार को मथुरा में दो शव रेलवे लाइन पर मिले है। दोनों शवों की पहचान नहीं हो चुकी है। एक शव राया क्षेत्र में तथा दूसरा कोसीकला रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर मिला।

राया थाना राया क्षेत्र में रविवार सुबह गंग नहर के समीप कासगंज मथुरा रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है।

थाना कोसीकलां क्षेत्र में रविवार सुबह प्लेटफॉर्म नंबर-4 स्थित माल गोदाम रोड के पास दिल्ली मथुरा रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का खून से लथपथ शव मिला। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रारंभिक तौर पर कुछ लोगों ने युवक के चलती ट्रेन के सामने आने की आशंका जताई है, लेकिन पुलिस ने अभी किसी भी कारण की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना, आत्महत्या या अन्य किसी भी संभावना को ध्यान में रखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है।

# रुक्मिणी विहार के मुख्य गेट ई-रिक्शा चालकों ने दिया धरना



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

रुक्मिणी विहार के मुख्य गेट पर रविवार को ई-रिक्शा और ऑटो चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान चालकों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भारी-भरकम चालानों को रद्द करने और शहर में लागू रूट व्यवस्था समाप्त करने की मांग उठाई। ई-रिक्शा एवं ऑटो चालक यूनियन के जिलाध्यक्ष राजकुमार कुशवाह ने बताया कि प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा चालकों के 20-20 हजार रुपये तक के चालान किए जा रहे हैं, जिससे गरीब चालकों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि पुराने चालान तत्काल रद्द किए जाएं और भविष्य में इस तरह की कार्रवाई बंद की जाए। यूनियन का कहना है कि शहर में लागू रूट नंबर व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं को पूरे शहर में घुमाने में परेशानी होती है। कई बार यात्री पूरा ई-रिक्शा बुक करते हैं, लेकिन रूट प्रतिबंध की वजह से चालक उनकी मांग पूरी नहीं कर पाते, जिससे उनकी आमदनी पर भी असर पड़ रहा है। चालकों ने आरटीओ विभाग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या के लिए चालक नहीं, बल्कि प्रशासन जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की कि अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन नियमों का पालन कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे चालकों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

## नीरज बने राष्ट्रीय हनुमान दल के नगर अध्यक्ष

**मथुरा।** राष्ट्रीय हनुमान दल कोर कमेटी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेंद्र रावत ने राष्ट्रीय हनुमान दल में हिन्दू समाज के प्रति श्रद्धा और समाज के प्रति भावना को देखते हुए राया निवासी नीरज शर्मा को राया का नगर अध्यक्ष बनाया है। जिसको लेकर ब्रज क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विशाल पाराशर जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी युवा जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह कुलदीप सिंह हरिओम चौधरी पकुलदीप शास्त्री सुमित चौधरी सहित प्रदेश मिडिया प्रभारी प्रदीप अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनायें दी वही संगठन के प्रति प्रतिकूल गतिविधियों अनुशासनहीनता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेंद्र रावत ने रविकांत वर्मा को नगर अध्यक्ष पद व अन्य सभी दायित्वों से निष्कासित करते हुए कार्यमुक्त किया है।

## कई शहरों से गोकुल पहुंचे 350 स्वयंसेवकों ने की घाटों की सफाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन एवं हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे श्हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है महाअभियान के अंतर्गत रविवार को महावन स्थित चिंता हरण महादेव घाट और श्री नंद भवन (84 खंभा) परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में 350 से अधिक स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। अभियान की खास बात यह रही कि स्वयंसेवक केवल मथुरा ही नहीं, बल्कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, इटावा, हाथरस और भरतपुर से भी सेवा के लिए पहुंचे।

अभियान का नेतृत्व उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र ने किया। शुभारंभ हार्टफुलनेस ध्यान से हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने दोनों स्थलों पर सफाई कर स्वच्छ ब्रज का संदेश दिया। हार्टफुलनेस के मथुरा समन्वयक निशांत शर्मा ने कहा कि आंतरिक शुद्धि और बाहरी स्वच्छता एक-दूसरे की पूरक हैं। जब मन निर्मल होता है, तभी सेवा का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा कि ब्रज करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हार्टफुलनेस के उत्तर प्रदेश रीजनल कोऑर्डिनेटर अनुपम अग्रवाल ने सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। अभियान के बाद जेसीबी और ट्रेक्टर ट्रॉली की मदद यह एकत्रित कूड़ा हटाया गया। अभियान में सुरेंद्र शर्मा, योगेंद्र कुमार, प्रीति भान, के.पी. सिंह, नीरज निगम, रश्मी, रमेश वर्मा, आर.पी. शर्मा, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. ज्ञानेंद्र और रक्षा सिंह सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

# सड़क पर दिखी ई रिक्शा चालकों की बैचेनी, बेजां वसूली का आरोप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



- ऑटो ई रिक्शा चालकों का आरोप है कि रूट वितरण के बाद भी उनके चालान काटे जा रहे है, 20 हजार तक की हो रही मांग
- पहले दिन आंशिक रूप से दिखा ऑटो, ई रिक्शा चलाकों की तीन दिवसीय हडताल का असर, कहीं जबरन रोके तो कहीं स्वेच्छा से ऑटो रखे बंद

मथुरा वृंदावन महानगर सहित नगर निगम से जुड़े 10 रूटों पर चलने वाले करीब 27 हजार ऑटो ई रिक्शा चालकों ने रविवार से मंगलवार तक तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया था। रविवार को महानगर में हड़ताल का आंशिक असर देखने को मिला। खासकर वृंदावन के अंदर हड़ताल का कुछ असर जरूर देखने को मिला। पिछले साल नगर निगम ने मथुरा वृंदावन महानगर के अंदर चलने वाले ऑटो और ई रिक्शा के लिए रूट निर्धारण किया था। नगर निगम की ओर से कुल 10 रूट तय किये गये थे और रजिस्ट्रेशन शुल्क तीन हजार रुपये तय हुआ था। शुरूआत में सब ठीक रहा और नगर निगम की ओर से इस बात का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया लेकिन निर्धारित तिथि तक कुछ ही ऑटो और ई रिक्शा चालकों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। अंतिम तिथि निकलने के बाद नगर निगम ने पुलिस प्रशासन की मदद से रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए चालान और सीलिंग की कार्यवाही की। कार्यवाही से पैदा हुई हडबडाहट में एक साथ भारी संख्या में वाहन चालक अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नगर निगम की ओर से धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में रजिस्ट्रेशन के लिए जुटने लगे। यहां भीड़ का बेजां दबाव बनने पर कुछ लोगों ने इसका लाभ उठाना शुरू कर दिया और अतिरिक्त शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन होने की बातें भी अधिकारियों तक पहुंची। इसी बीच नगर निगम की ओर से प्रमुख रूटों पर रजिस्ट्रेशन बंद कर दिये गये और इसके पीछे तर्क दिया गया कि लक्ष्य के मुताबिक रजिस्ट्रेशन पूरे हो चुके हैं। यहीं से अवैध वसूली का खेल भी शुरू हुआ और ऑटो व ई रिक्शा चालकों की बेचैनी भी बढने लगी। हड़ताल का ऐलान हुआ और भारी तादाद में ऑटो और ई रिक्शा चालक रेलवे ग्राउंड में एकत्रित हुए। यहां से वह प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मी नरायण के मयूर विहार स्थित आवास पर पहुचे और जोरदार प्रदर्शन कर अपनी बात रखी। मंत्री के आश्वासन के बाद मामला रफा दफा हुआ। बताया गया कि इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक हुई और कुछ दिन के लिए सख्ती कम करने की बात हुई। इसके बाद मामला सामान्य हो गया। कुछ महीने बाद एक बार फिर नगर निगम की ओर से रूट नम्बर पर नहीं चलने और बिना रूट रजिस्ट्रेशन के नगर निगम की सीमा में सड़कों पर ऑटो और ई रिक्शा चलाने पर चालान और सीज करने की कार्यवाही होने लगी। लगातार भी बडी संख्या में वाहनों के सीज किये जाने के बाद फिर एक बार पहले जैसे हालात बनने लगे और ऑटो और ई रिक्शा चालकों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। ऑटो चालकों की ओर से आरोप यह भी लगाया जा रहा है कि रूट रजिस्ट्रेशन होने के बाद भी पैसों की मांग की जा रही है। हालांकि रूट का रजिस्ट्रेशन एक साल के लिए ही मान्य था। चालकों का कहना है कि समय सीमा समाप्त होने से पहले की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। के ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों और पुलिस उत्पीड़न के विरोध में तीन दिवसीय हड़ताल का बड़ा ऐलान कर दिया है। चालकों का आरोप है कि रूट प्रणाली के नाम पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है और भारी-भरकम चालान काटे जा रहे हैं। इस तीन दिवसीय महाहड़ताल के कारण धर्मनगरी में वीकेंड पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मथुरा के वार्षिक सम्मेलन में कार्यकारिणी घोषित की गई। रविवार को होटल विनायक पैलेस में पूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर (सेवा निवृत्त) डॉ भुवनेश चौधरी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। बैठक की अध्यक्षता एस के सिंह पूर्व गोताखोर सुपरिटेंडेंट ने की तथा संचालन डॉ. रमेश चन्द पूर्व जेसीओ ने किया। बलबीर सिंह, राजेश, श्रीनिवास शर्मा, राजबीर, विजयपाल, भगवान सिंह, नेपाल सिंह, हरिओम, राजबहादुर, विक्रम सिंह, लाल चन्द कुशवाहा, ओमवीर सिंह, शिवगणेश, दिनेश, योगेश, उदयवीर आदि उपस्थित रहे।

## जोन स्तरीय निरंकारी बाल समागम का हुआ आयोजन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रेरक प्रस्तुतियां दी

सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से दिल्ली आगरा हाइवे स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर जोनल स्तरीय निरंकारी बाल समागम आयोजित किया गया। जिसमें खुर्जा, भवानीपुर, अलीगढ़, सौरो, कासगंज, सादाबाद, पुरदिलनगर, हाथरस, फरह, कोसीकलां, वृंदावन सहित मथुरा जिले के सैंकड़ों बच्चों को आध्यात्मिक संस्कारों से सजाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रेरक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने गीत, भजन, कविताएं और लघु नाटक के साथ प्रेरक विचार व्यक्त कर भरपूर वाह-वाही बटोरी। छोटे-छोटे बच्चों ने बड़ी और गहरी बातें कर यह अहसास करा दिया कि जैसी संगत होती है वैसी रंगत चढ़ती है। दिल्ली से आए मुख्य अतिथि निरंकारी संत गगन भाटिया ने कहा कि आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में बच्चों को बुराई से बचाने के लिए सत्संग से जोड़ा जा रहा है। जब अभिभावक बच्चों को बाल उम्र में ही सत्संग से जोड़ेंगे तो बच्चे दूषित वातावरण से बच जायेंगे। इसलिए शारीरीक बल के लिए खेलकूद और बौद्धिक विकास के लिए स्कूली शिक्षा तथा आत्मिक कल्याण और जीवन सुधार के लिए निरंतर सत्संग जरूरी है। जोनल इंचार्ज एचके अरोड़ा एवं बाल संगत की इंचार्ज उर्वशी त्रिपाठी ने बच्चों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन युवा भक्त यश तनवानी और कुमारी नेहा ने किया। मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि मथुरा में हर रविवार को साप्ताहिक मुख्य सत्संग के साथ ही बच्चों के लिए बाल संगत होती है।

# भाकियू चढ़ूनी का बिजली विभाग के खिलाफ कल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बलदेव।

- भाकियू चढ़ूनी का बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर कार्यालय पर प्रदर्शन कल

अमेरिका- भारत ट्रेड डील और जनपद की विद्युत अव्यवस्थाओं के खिलाफ भाकियू चढ़ूनी ने धरना प्रदर्शन करने की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। बिजली अव्यवस्थाओं को लेकर चीफ इंजीनियर कार्यालय मथुरा कैंट पर धरना प्रदर्शन 14 जुलाई और अमेरिका- भारत ट्रेड डील के विरूद्ध 15 जुलाई को बाइक रैली निकाल कर शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इसको लेकर यूनियन के पदाधिकारी गांवों में जाकर किसानों के मध्य बैठकें कर प्रदर्शन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। रविवार को बलदेव के अवैरनी कैंप कार्यालय पर राधेश्याम सिकरवार की अध्यक्षता में बैठक कर भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर विस्तार से चर्चा की गई। आगरा मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष संजय पाराशर, मंडल उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह परिहार ने कहा अमेरिका भारत प्रस्तावित ट्रेड डील के खिलाफ गोवर्धन तहसील एवं महावन तहसील तक बाइक रैली निकाल कर डील का विरोध किया जाएगा।

प्रदेश महासचिव सतीश, प्रदेश सचिव कुंतभोज, सोनवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर, तुलसी दास ने कहा कि यह ट्रेड डील किसानों,पशुपालकों, छोटे व्यापारियों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। यदि यह समझौता लागू होता है तो भारतीय कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए इस समझौते का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने बिजली की अव्यवस्थाओं को लेकर आक्रोश जताया। मंडल प्रवक्ता गौरव तोमर, जिला उपाध्यक्ष सोनवीर सिंह ने कहा बिजली विभाग में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं,उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। समय पर बिजली बिल नहीं बन रहे हैं। संचालन जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने किया।

# सिपाही की मौत में हत्या या आत्महत्या, जांच कर रही पुलिस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- 12 साल से केनरा बैंक की सुरक्षा में तैनात था मृतक सिपाही
- अजीत वर्तमान में बालाजीपुरम कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे थे

थाना सदर बाजार क्षेत्र स्थित सिविल लाइन इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में सिपाही की गोली लगने से मौत की घटना को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। अकेले में हुई इस घटना को पुलिस अधिकारी हत्या या आत्महत्या के कोण से देख रहे हैं। मामले में जांच चल रही है, पोस्मार्टम रिपोर्ट पर भी संज्ञान लिया गया, पुलिस दूसरे पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

एटा के थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव गडुआ के रहने वाले 42 वर्षीय अजीत के गोली गर्दन में खुद के पास मौजूद सरकारी राइफल से ही लगी थी। गले में गोली लगने के कारण अजीत की मौत हो गई। 12 साल से केनरा बैंक की सुरक्षा में तैनात था। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को समय करीब 19.40 बजे पुलिस लाइन जनपद मथुरा कैनरा बैंक गार्ड में तैनात मुख्य आरक्षी योगेन्द्र कुमार द्वारा सूचना दी गई कि मुख्य आरक्षी अजीत कुमार द्वारा गार्ड रूम में अकेले रहने के दौरान उनके कमरे से फायर की आवाज पर ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी योगेन्द्र कुमार द्वारा देखा गया तो अजीत कुमार घायल अवस्था में पडे हुए थे। जिनको तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर मुख्य आरक्षी अजीत कुमार को मृत घोषित किया गया है। अकेले रहने के दैरान ये घटना, दुर्घटना है या आत्महत्या इसके पहलुओं की जांच की जा रही है व पंचायतनामा की की कार्यवाही प्रचलित है।

# कांग्रेस ने उठाया राम मंदिर में चंदा चोरी का मुद्दा, प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस महानगर इकाई के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए होलीगेट चौराहे पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

उनका आरोप था कि राम मंदिर में कथित चंदा गड़बड़ी का मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ता होली गेट से द्वारकाधीश मंदिर होते हुए विश्राम घाट पहुंचे। वहां उन्होंने यमुना तट पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# होटल में पकड़ी 12 किलोवाट की बिजली चोरी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

विद्युत प्रवर्तन दल एवं रेड्स टीम ने अभियान के दौरान होटल सहित आठ स्थानों पर बिजली चोरी पकडी है। इसमें लाखों रुपये का जुमार्ना संभावित है। इसी क्रम में विजिलेंस प्रभारी अरुण कुमार, जेई किशन कुमार,उपनिरीक्षक धीरेन्द्र पाल सिंह सहित टीम के सदस्यों ने सूचना पर रिफाइनरी गेट नंबर नौ स्थित वाणिज्यिक कनेक्शन को चेक किया तो होटल मोहित पैसेस में चेंज ओवर के माध्यम से चोरी होती मिली। करीब 12 किलोवाट लोड मिला। इसके अलावा विजिलेंस टीम ने रेड्स टीम के एई सतेन्द्र कुमार, जेई पवन सहित अन्य कर्मचारियों के साथ हाई लाइन लॉस फीडर के राल में अभियान चलाया। यहां सात स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। करीब 19 किलोवाट लोड मिला। टीम ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

# नोडल अधिकारी नगेंद्र प्रताप सिंह ने किया वृहद वृक्षारोपण, नक्षत्र वाटिका में रोपे गए 2650 पौधे

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी/करहल।



किशनी। विकास खंड करहल के ग्राम नगला खुशाल, अण्डनी, घिटौली और विकास खंड किशनी के ग्राम रम्पुरा व समान में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत आगरा मंडल के आयुक्त और वृक्षारोपण हेतु नामित नोडल अधिकारी नगेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पौधारोपण किया।

उन्होंने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए वृक्षों को मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर बताया और कहा कि वृक्ष न सिर्फ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि तापमान नियंत्रण, भूजल व मृदा संरक्षण और वर्षा चक्र को संतुलित रखने में भी मुख्य भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि केवल पौधा लगाना काफी नहीं है, बल्कि एक पारिवारिक सदस्य की तरह उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

प्रकृति के महत्व को रेखांकित करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि वृक्ष हमें विनम्रता की सीख देते हैं, क्योंकि फलों से लदा हुआ वृक्ष हमेशा झुक जाता है; इसी तरह मनुष्य को भी सफलता मिलने पर अहंकार के बजाय सेवा और विनम्रता का भाव रखना चाहिए। उन्होंने सभी जिला वासियों से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी लेने का संकल्प उठाने का आह्वान किया। इसी कड़ी में ग्राम नगला खुशाल में विकसित की जा रही नक्षत्र वाटिका में 2650 फलदार और छायादार पौधे रोपे गए हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए चारों तरफ कटीले तारों की फेंसिंग और सिंचाई के लिए बोरिंग की व्यवस्था की गई है। इस वाटिका के समीप ही ग्राम तलैया तथा अमृत सरोवर का निर्माण भी कराया गया है।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनंद, उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह, गोपाल शर्मा सहित जिला प्रशासन, वन विभाग के आला अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना ही हमारी पहली प्राथमिकता-



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

समाजवादी छात्र सभा मैनपुरी की एक आवश्यक मासिक बैठक जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हरीश यादव ने की।

इस दौरान संगठन की मजबूती, छात्र हितों की रक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हरीश यादव ने कहा कि समाजवादी छात्र सभा हमेशा से छात्रों के हक की लड़ाई लड़ती रही है। वर्तमान समय में छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बूथ स्तर और कॉलेज स्तर पर जाकर छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करें।बैठक में संगठन विस्तार को लेकर भी रणनीति बनाई गई, जिसमें सक्रिय कार्यकताओं को जल्द ही नई जिम्मेदारियां सौंपने की बात कही गई। कार्यक्रम का संचालन शशांक चतुर्वेदी ने किया।

इस अवसर पर सौरभ कठेरिया, अंशुल यादव, अभिषेक यादव, प्रसून यादव, किशोर यादव, मोनू यादव, बॉबी यादव, अंशुल यादव, देवांश यादव, गौरव यादव, रणवीर यादव, गौरव, शिवम समेत आदि तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मैनपुरी में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का आयोजन; पुलिस अधीक्षक ने सघन पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



जनपद में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के सौंदर्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत रिजर्व पुलिस लाइन मैनपुरी में वृक्षारोपण महायज्ञ - 2026 महाभियान की शुरूआत की गई, जिसमें पुलिस महकमे के आला अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने आओ हम सब मिलकर प्रकृति के सौंदर्य को बढ़ाएं का संदेश देते हुए सभी से पौधों की उचित देखरेख और सुरक्षा करने का संकल्प लेने की अपील की।

# सीएमओ ने सीएचसी जागीर और भोगांव का किया निरीक्षण, रोपे

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।





मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जागीर और भोगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और अस्पताल परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया। भोगांव सीएचसी पर उन्होंने बेल का पौधा रोपा।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रसव कक्ष, दवा भंडार कक्ष और इमरजेंसी सेवाओं की गहन जांच की।

उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने जेएसवाई लाभार्थियों का भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस अवसर पर भोगांव के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहित चतुर्वेदी, डॉ. नमन श्रीवास्तव, रवींद्र सिंह गौर, मुनेशपाल, ममता यादव, फार्मासिस्ट विजय गुप्ता, राजेश अग्निहोत्री, राजेश वर्मा और निशांत कुमार उपस्थित रहे।

वहीं, जागीर सीएचसी पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद किशोर, प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी रविंद्र गौर, डॉ. कमल कांत, पारस गुप्ता, अतुल पाल, मंगल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह और अभिषेक कश्यप सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में महावृक्षारोपण यज्ञ अभियान के अंतर्गत 'एक वृक्ष माँ के नाम' थीम पर 5,100 पौधों का रोपण

टीएनएफ टुडे, एटा।



रविवार को उत्तर प्रदेश शासन के महावृक्षारोपण यज्ञ अभियान के अंतर्गत वीरांगना अवन्तीबाई लोधी ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज में ह्लएक वृक्ष माँ के नामह्व थीम पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह ने स्वयं पौधारोपण कर किया तथा पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह के निर्देशन में तथा वृक्षारोपण प्रभारी डॉ. प्रशांत भारद्वाज के कुशल नेतृत्व एवं सतत पर्यवेक्षण में पूरे दिन महावृक्षारोपण अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस अवसर पर आचार्य एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. विवेक परासर, उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोनू यादव, उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शिवम्‍ यादव सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मंजरी कुमारी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. साधना सिंह, सह-आचार्य डॉ जुगेंद्र कुमार, डॉ. मंजेश कुमार, वृक्षारोपण प्रभारी चिकित्सालय परिसर डॉ. अर्चना यादव सहायक आचार्य डॉ योगेंद्र सिंह, सहित मेडिकल कॉलेज के समस्त संकाय सदस्यों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सकों, कॉलेज एवं चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज परिसर एवं चिकित्सालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधिगुणों वाले कुल 5,100 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनका संरक्षण करने का आह्वान करते हुए कहा कि ह्लएक वृक्ष माँ के नामह्व अभियान प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं मातृ सम्मान की अद्वितीय अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ वातावरण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## वृहद वृक्षारोपण अभियानः मैनपुरी के ग्राम बड़ेरी में 28 एकड़ भूमि पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

विकास खंड मैनपुरी के ग्राम बड़ेरी में 28 एकड़ भूमि पर एक वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में शासन स्तर से नामित दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री और अध्यक्ष महिला कल्याण निगम उ.प्र., कमलावती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा सहित भारी संख्या में जन-प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कमलावती सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल एक पौधारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित एक जनान्दोलन है। उन्होंने बच्चों द्वारा अपनी माता के नाम की पट्टिकाएं लेकर शामिल होने की सराहना करते हुए कहा कि इससे पौधों के साथ एक भावनात्मक रिश्ता बनता है, जो उनके संरक्षण की सबसे बड़ी गारंटी है। उन्होंने परिसर को एक आदर्श हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन के प्रयासों की सराहना की, जहाँ नगर वन, औषधि वाटिका और नक्षत्र वाटिका जैसी थीम आधारित क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने इस अभियान को जन-भागीदारी से जुड़ा जीवंत उत्सव बताया। उन्होंने घोषणा की कि ६ महीने बाद इस स्थल पर पुनः कार्यक्रम आयोजित कर पौधों की स्थिति का अवलोकन किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों की होगी। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि 28 एकड़ के इस क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से लाखों पौधे रोपित किए जाएंगे और जनपद के प्रत्येक विकासखंड में ऐसे दो-दो आदर्श स्थल विकसित होंगे। साथ ही, वन विभाग द्वारा इन पौधों की नियमित मासिक समीक्षा के लिए एक डिजिटल डायरी भी तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने पर्यावरण संतुलन और प्रदूषण नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज लगाए गए पौधे भविष्य में इस क्षेत्र का भूगोल बदल देंगे और आने वाली पीढ़ियों को प्राकृतिक शीतलता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु सहित जिले के तमाम आला अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों और एन.सी.सी. व एन.एस.एस. के कैडेट्स ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज दुबे द्वारा किया गया।



## खेत की मेड़ पर बकरी जाने को लेकर युवक से मारपीट, पेड़ से बांधने का आरोप

**करहल।** थाना क्षेत्र के ग्राम तोरिका में खेत की मेड़ पर बकरी चले जाने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित ने गांव के नामजद लोगों पर मारपीट करने और पेड़ से बांधकर पिटाई करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत करहल थाने में दी गई है। ग्राम तोरिका निवासी नीरज पुत्र उपदेश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बकरी खेत की मेड़ पर चली गई थी। इसी बात को लेकर गांव के कुछ नामजद लोगों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि पहले उसके साथ गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर पेड़ से बांधकर बेरहमी से मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। घटना के बाद पीड़ित करहल थाने पहुंचा और नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मैनपुरी में किडजी प्री-स्कूल का भव्य उद्घाटन, अतिथियों ने बच्चों के मानसिक विकास पर दिया जोर

**मैनपुरी।** नगर के राधारमण रोड पर स्थित किडजी प्री-स्कूल का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि डिप्टी सी.आई.ओ. पंकज सक्सेना और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विश्वविमोहन कुलश्रेष्ठ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रख्यात श्रीमद् भागवत कथावाचक आचार्य डॉ. पंकज मिश्रा के मंत्रोच्चारण और गणेश पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक डॉ. चंद्रमोहन सक्सेना, डॉ. सूर्यमोहन सक्सेना, राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ एडवोकेट राजू रंगशाला और मृदुल कुमार कुलश्रेष्ठ सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। समारोह में पूर्व विधायक अशोक चौहान, ब्लॉक प्रमुख मनेश चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित गप्ता, प्रोफेसर कालीचरण, सुनील वर्मा लालू और पूर्व विधायक राजकुमार यादव जैसी कई गणमान्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि पंकज सक्सेना ने कहा कि मैनपुरी में इस प्री-स्कूल की शुरूआत एक उत्कृष्ट कदम है, जिससे नन्हे-मुन्ने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सही मानसिक विकास के अवसर मिलेंगे। वहीं, राष्ट्रीय महामंत्री विश्वविमोहन कुलश्रेष्ठ ने बच्चों के बौद्धिक और तार्किक विकास की निरंतरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा को सरल और रोचक बनाने के लिए खेल-खेल में सिखाना सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में आशीष दयाल सक्सेना ने अतिथियों को शाल व मोमेंटो भेंट किए, जबकि इंजीनियर आकाश सक्सेना ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस भव्य समारोह का सफल संचालन आशा सक्सेना द्वारा किया गया, जिसमें शहर के तमाम चिकित्सक, अधिवक्ता, राजनेता और पत्रकार उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, वीडियो बनाने पर दी जान से मारने की धमकी

**करहल।** थाना क्षेत्र के नगला तोरिका गांव निवासी रामपाल सिंह ने करहल थाने में शिकायती पत्र देकर गांव के ही चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे श्री प्रेम सिंह, उत्तमसिंह, नीरज व उपदेश निवासीगण तोरिका लाठी-डंडे व लोहे का पाइप लेकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार घटना का वीडियो बनाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने मोबाइल छीनने की कोशिश की और धमकी दी कि यदि वीडियो किसी को दिखाया या वायरल किया तो गोली मार देंगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी शराब के धंधे से जुड़े हैं और इसी कारण दबंगई दिखाते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह दिव्यांग है, जिससे वह अपना बचाव भी नहीं कर सका। पीड़ित ने करहल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 : एटा में 31.36 लाख पौधरोपण का लक्ष्य, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**( एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आम, बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के रोपित किए गए पौधे )**

टीएनएफ टुडे, एटा।




उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य को साकार करने हेतु रविवार को जनपद में व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत 26 राजकीय विभागों के समन्वय से जनपद में विभिन्न स्थलों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त अलीगढ़ मंडल एवं जनपद एटा की नोडल अधिकारी संगीता सिंह ने 43वीं वाहिनी पीएसी, एटा परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत आम का पौधा रोपित कर किया। उनके साथ जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने भी आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इसके उपरांत मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने रारपट्टी स्थित पौधरोपण स्थल का भ्रमण कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बरगद का पौधा रोपित किया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ उत्तर प्रदेश सरकार की पर्यावरण संरक्षण की एक महत्वपूर्ण एवं जनभागीदारी आधारित पहल है, जिसमें प्रत्येक वर्ष व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। जनपद एटा को इस वर्ष 31 लाख 36 हजार 400 पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया है, जिसके लिए 4,000 से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी अपने परिवार के सदस्य की तरह करे।

जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान केवल पौधरोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मातृऋण, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी प्रथम माता है और वृक्षों का संरक्षण प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का परिचायक है। जनपद में 31 लाख 36 हजार 400 पौधों के रोपण का लक्ष्य केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि इनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि जनपद के 4,000 से अधिक स्थलों पर पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है तथा प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं एवं पुरुषों से अपेक्षा है कि वे अपनी माता के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के रूप में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि पौधों का संरक्षण ही इस महाअभियान की वास्तविक सफलता होगी और इसी से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के दौरान मंडलायुक्त अलीगढ़ मंडल एवं जनपद एटा की नोडल अधिकारी संगीता सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं तथा जनपद एटा में 31 लाख 36 हजार 400 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पौधों के साथ प्रयुक्त होने वाली काली पॉलीथिन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसलिए भविष्य में वन विभाग यह सुनिश्चित करे कि पौधों की नर्सरी एवं पौधारोपण के दौरान काली पॉलीथिन के स्थान पर केले के पत्ते, ढाक के पत्ते अथवा गोबर के लेपन जैसे पर्यावरण-अनुकूल एवं जैविक विकल्पों का प्रयोग किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

मंडलायुक्त ने दूसरा महत्वपूर्ण सुझाव कुपोषण उन्मूलन से संबंधित देते हुए कहा कि हमें धरती को वापस देने की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहजन (मोरिंगा) का पौधा अत्यंत पौष्टिक होता है तथा इसकी पत्तियां, फलियां और अन्य भाग पोषण की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि आशा कार्यकताओं एवं संबंधित विभागों के पास उपलब्ध अति कुपोषित (रअट) बच्चों की सूची के आधार पर ऐसे परिवारों को चिन्हित कर वन विभाग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को एक-एक सहजन का पौधा उपलब्ध कराया जाए। यदि प्रत्येक परिवार अपने घर पर सहजन का पौधा लगाए और उसका नियमित उपयोग करे, तो यह बच्चों के अतिरिक्त पोषण का सशक्त माध्यम बनेगा तथा कुपोषण की समस्या को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# अगले साल से पटरी पर दौड़ेगी भारत की पहली बुलेट ट्रेन, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया बड़ा एलान

एजेंसी, हैदराबाद।



देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना मुंबई और अहमदाबाद के बीच तेजी से आकार ले रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि परियोजना का सूरत-बिलिमोरा खंड अगले वर्ष परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही भारत में हाई-स्पीड रेल सेवा का नया युग शुरू होगा। रेल मंत्री ने बताया कि शेष कॉरिडोर को भी चरणबद्ध ढंग से चालू किया जाएगा। पहले वापी-सूरत खंड, फिर वापी-अहमदाबाद, इसके बाद अहमदाबाद-ठाणे और अंत में अहमदाबाद से मुंबई तक सेवाएं शुरू की जाएंगी। उनका कहना था कि निर्माण कार्य तय समय के अनुसार आगे बढ़ रहा है और आधुनिक तकनीक के प्रयोग से परियोजना को गति मिली है।

**स्टेशन पुनर्विकास पर भी तेज काम**

वैष्णव ने देशभर में चल रहे रेलवे स्टेशन पुनर्विकास अभियान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब तक 261 स्टेशनों का कायाकल्प पूरा किया जा चुका है। सिकंदराबाद स्टेशन को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है, जहां नियमित रेल संचालन जारी रखते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्मों के ऊपर विशाल एयर कॉन्कोर्स का निर्माण सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किया जा रहा है। यह कार्य विश्व स्तर पर चुनौतीपूर्ण माना जाता है, क्योंकि अधिकांश देशों में ऐसे निर्माण के दौरान रेल यातायात रोक दिया जाता है।

**हैदराबाद बनेगा हाई-स्पीड रेल हब**

रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हैदराबाद को तीन प्रस्तावित बुलेट ट्रेन कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-चेन्नई और हैदराबाद-बेंगलुरु हाई-स्पीड रेल मार्ग क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। उनके अनुसार, इन परियोजनाओं से उद्योग, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बेहतर संपर्क से शहरों के बीच आवागमन आसान होगा और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और रेल क्षेत्र में निवेश वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण योजनाओं से तेलंगाना को विशेष लाभ मिला है। राज्य में सौ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक्स इकाइयों को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही, रेलवे अवसंरचना के विकास के लिए तेलंगाना को 5,400 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। सरकार बुलेट ट्रेन परियोजना और रेलवे के आधुनिकीकरण से देश के परिवहन ढांचे को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि हाई-स्पीड रेल नेटवर्क भविष्य में भारत की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

## अमेरिकी हमले के बाद ईरान का पलटवार,

# 5 देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमले, बढ़ा तनाव

**तेहरान/वॉशिंगटनः**



अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव अब मध्य पूर्व के कई देशों तक पहुंच गया है। अमेरिकी एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रविवार को कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। ईरान के अनुसार, उसने जॉर्डन, कुवैत, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि इन हमलों का उद्देश्य अमेरिकी सैन्य क्षमता को नुकसान पहुंचाना था। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

अमेरिका ने पहले ईरान के सैन्य ठिकानों पर की थी कार्रवाई ईरान की जवाबी कार्रवाई से पहले अमेरिका ने ईरान के लगभग 140 सैन्य ठिकानों पर बमबारी करने का दावा किया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह कार्रवाई होर्मुज स्ट्रेट में एक साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर हुए हमले के बाद की गई थी। अमेरिका के मुताबिक, इस हमले में जहाज में आग लग गई थी, उसका इंजन क्षतिग्रस्त हुआ और चालक दल का एक सदस्य लापता हो गया था। इसके बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

कई देशों में बढ़ा सैन्य तनाव ईरान ने दावा किया कि उसकी कार्रवाई के तहत कुवैत में अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम और रडार साइटों को निशाना बनाया गया। इसके अलावा बहरीन में अमेरिकी सैन्य संचार केंद्र और कतर तथा वअए की दिशा में भी मिसाइल और ड्रोन लॉन्च किए गए। इस घटनाक्रम ने खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा चिंताएं बढ़ा दी हैं। अमेरिका के कई सहयोगी देशों में सैन्य अलर्ट बढ़ा दिया गया है। ओमान भी आया संघर्ष की चपेट में ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ओमान में भी ड्रोन हमले की जानकारी सामने आई है। ओमानी सरकार ने पुष्टि की कि मुसंदम गवर्नरेट में ड्रोन हमले हुए हैं। ओमान सरकार ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि देश और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले IRGC ने दावा किया था कि उसने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर अमेरिकी विमानवाहक पोतों के लॉजिस्टिक सपोर्ट सेंटर और ईंधन आपूर्ति ठिकानों को निशाना बनाया है। सरकार होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ा विवाद ईरान ने तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर भी बड़ा बयान दिया है।

### जॉर्डन के एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले

ईरान की IRGC ने दावा किया कि उसने जॉर्डन के प्रिंस हसन एयरबेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में एयरबेस के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और टद-9 ड्रोन रखने वाले हैंगर को नुकसान पहुंचा। जॉर्डन की ओर से इस दावे पर तत्काल विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। क्षेत्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी लंबे समय से रही है और किसी भी हमले का असर क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरणों पर पड़ सकता है।

### बहरीन में अमेरिकी सैन्य अड्डे से धुआं उठने का दावा

ईरान के हमलों के बाद बहरीन में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे से धुआं उठने के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए। इन वीडियो में सैन्य बेस के ऊपर धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। ईरान ने दावा किया कि उसने बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाया। इसके बाद बहरीन में मिसाइल अलर्ट जारी किया गया और नागरिकों को सतर्क रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई। बहरीन में अमेरिकी नौसेना का महत्वपूर्ण क्षेत्रीय ठिकाना मौजूद है, जो मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए अहम माना जाता है।

# पंजाब कांग्रेस में घमासान, चन्नी गुट ने राजा वड़िंग को हटाने की मांग की, हाईकमान के फैसले पर टकराव

एजेंसी, चंडीगढ़।



पंजाब कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव को लेकर चल रहा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को दोबारा जिम्मेदारी दिए जाने की संभावनाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के गुट ने इसका कड़ा विरोध किया है। शनिवार को पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल के साथ हुई बैठक में चन्नी समर्थक नेताओं ने साफ कहा कि पार्टी को ऐसा नेतृत्व चाहिए जो कार्यकताओं और पंजाब की राजनीतिक भावना का प्रतिनिधित्व कर सके। चन्नी गुट ने वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग करते हुए कहा कि उन्हें "समझौतावादी नेतृत्व" स्वीकार नहीं है। हालांकि, भूपेश बघेल ने स्पष्ट कर दिया कि संगठन को लेकर हाईकमान का फैसला अंतिम होगा और उसमें बदलाव की संभावना नहीं है।

चन्नी गुट ने बैठक में रखीं अपनी आपत्तियां पिछले पांच दिनों से पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल की बैठकों से दूरी बनाए हुए चन्नी गुट ने छठे दिन अपनी बात सामने रखी। कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत सिंह के आवास पर हुई बैठक में चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रताप सिंह बाजवा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में चन्नी ने चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की इच्छा भी जताई। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। चन्नी समर्थक नेताओं का कहना था कि आगामी चुनाव को देखते हुए संगठन में ऐसा बदलाव जरूरी है, जिससे कार्यकताओं का भरोसा मजबूत हो और पार्टी जमीनी स्तर पर सक्रिय हो सके।


तीन सांसदों और नौ विधायकों ने उठाई नेतृत्व बदलाव की मांग राणा गुरजीत सिंह के आवास पर हुई बैठक में तीन सांसद, नौ विधायक और कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी ने कथित तौर पर राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने का विरोध किया। गुरदासपुर सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि कांग्रेस को ऐसा नेतृत्व चाहिए जो पार्टी कार्यकताओं और पंजाब की जनता की भावनाओं को समझे।

उन्होंने कहा कि पार्टी में समय-समय पर फैसलों की समीक्षा करनी पड़ती है और जरूरत पड़ने पर बदलाव भी किए जाते हैं। बैठक में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, विधायक परगट सिंह, राणा गुरजीत सिंह, पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली, ओपी सोनी, पूर्व सांसद मोहम्मद सदीक, विधायक अरुणा चौधरी और वरिंदरमीत सिंह पाहड़ा सहित कई नेता मौजूद रहे।

# ताज होटल को दाउद इब्राहिम के नाम से बम की धमकी, मुंबई पुलिस ने शुरू की तलाश

एजेंसी, मुंबई।

मुंबई में रविवार तड़के एक फोन कॉल ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर ला दिया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम ने दक्षिण मुंबई स्थित प्रतिष्ठित ताज होटल में बम रखवाया है। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। ताज होटल में चला सघन तलाशी अभियान नवी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को रात करीब 12:13 बजे यह कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही कोलाबा पुलिस, क्राइम ब्रांच और बम निरोधक दस्ते की टीमें ताज होटल पहुंचीं। होटल परिसर के कमरों, सार्वजनिक क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों की



गहन जांच की गई। कई घंटे तक चले तलाशी अभियान में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

तुर्भे इलाके से किया गया था फोन प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने कॉल को फर्जी करार दिया। तकनीकी जांच में पता चला कि कॉल नवी मुंबई के तुर्भे क्षेत्र से की गई थी। पुलिस ने संबंधित नंबर की पहचान कर ली है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। अधिकारियों का कहना है कि अफवाह फैलाने और सुरक्षा व्यवस्था बाधित करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 26/11 के बाद बेहद संवेदनशील है ताज होटल

ताज होटल देश के सबसे प्रतिष्ठित और सुरक्षित होटलों में गिना जाता है। वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के दौरान यह होटल आतंकियों के निशाने पर था, जिसके बाद यहां सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया। ऐसे में किसी भी धमकी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस तत्काल जांच करती है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और अफवाहें फैलाने से बचें। पुलिस का कहना है कि सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण स्थिति पूरी तरह सामान्य रही।

# बद्रीनाथ धाम मंदिर में अनियमितता मामले में एसआईटी ने सौंपी जांच रिपोर्ट, कई बार चढ़ावा चोरी का दावा

एजेंसी, चमोली।

दो जुलाई को श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर में नगद चढ़ावा गिनती के दौरान कथित हेराफेरी के मामले में गठित विभागीय जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी है। जांच में आरोपी ने एक नहीं बल्कि कई बार चढ़ावे की चोरी की है। सूत्रों की मानें तो चार सदस्यीय जांच टीम ने 18 पन्नों की रिपोर्ट में विस्तार से पूरी घटना और अपनी जांच का ब्योरा दिया है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट में ऐसी घटना न हो इसके लिए सुझाव भी दिए हैं। जांच रिपोर्ट में कमेटी ने बहुत कुछ साफ किया है। साथ ही मंदिर के दान गिनती कक्ष में और सीसीटीवी बढ़ाने, मंदिर के परिक्रमा पथ के सभी ब्लाइंड स्पॉट को सीसीटीवी से लैस करने की बात कही।



सूत्रों की मानें तो जांच टीम को घटना के दिन, 2 जुलाई, से मात्र 14 दिन पहले तक के ही फुटेज मिल पाए हैं। पूर्व में लगे सीसीटीवी कैमरे से अधिक अच्छी क्वालिटी के न होने के कारण इनकी स्टोरेज क्षमता मात्र 15 दिनों की ही है। 2 जुलाई को कथित आरोपी पैसों में हेराफेरी करते हुए दिखाई दे रहा है। 14 दिन पूर्व के कुछ फुटेज के कई भाग भी जांच टीम को महत्वपूर्ण लगे हैं। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने 7 जुलाई को अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई की थी। अध्यक्ष कार्यालय में तैनात व्यक्तिगत सहायक प्रमोद नौटियाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। समिति ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पहले ही चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था।

बीकेटीसी ने जो आदेश जारी किया था उसके अनुसार, प्रमोद नौटियाल के खिलाफ पदीय दायित्वों के निर्वहन में प्रथम द्दष्टया गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। इसके बाद 3 जुलाई 2026 को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। समिति ने मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए चार-सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच के दौरान प्राप्त स्पष्टीकरण और समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट का परीक्षण किया गया, जिसमें लगाए गए आरोप प्रथम द्दष्टया सही पाए गए।

# दिल्ली में सुरंग, बुंदेलखंड में एक्सप्रेस कनेक्टिविटी, 14,115 करोड़ की परियोजनाओं से बदलेगी विकास की तस्वीर

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई गति देने के लिए लगभग 14,115 करोड़ रुपये की दो महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें दक्षिण दिल्ली में द्वारका एक्सप्रेसवे को नेल्सन मंडेला मार्ग से जोड़ने वाली छह लेन की सुरंग और उत्तर प्रदेश में कानपुर से कबरई तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड राजमार्ग शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से यात्रा का समय घटेगा, लॉजिस्टिक्स बेहतर होंगे और नए निवेश के अवसर पैदा होंगे।

दिल्ली की नई सुरंग से आसान होगा आवागमन करीब 8.1 किलोमीटर लंबी यह सुरंग द्वारका एक्सप्रेसवे, आईजीआई एयरपोर्ट, वसंत कुंज और दक्षिण दिल्ली के बीच निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। प्रस्तावित परियोजना को लगभग 6,970 करोड़ रुपये की लागत से हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। यह आगामी एम्स महिपालपुर एलिवेटेड कॉरिडोर से भी जुड़ेगी, जिससे पूर्वी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद की ओर आवागमन सुगम होगा। निर्माण के दौरान लाखों मानव-दिवस रोजगार सृजित होने का अनुमान है। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर कनेक्टिविटी से आसपास के क्षेत्रों में आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



बुंदेलखंड के लिए नई आर्थिक धुरी उत्तर प्रदेश में 117.7 किलोमीटर लंबा कानपुर-कबरई एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाईवे लगभग 7,145 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। यह भोपाल-कानपुर आर्थिक गलियारे का हिस्सा होगा और राष्ट्रीय राजमार्गों, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे तथा कानपुर रिंग रोड से जुड़ेगा। वर्तमान में कानपुर से कबरई की यात्रा में साढ़े तीन घंटे तक लगते हैं, जबकि नए राजमार्ग के चालू होने के बाद यह समय घटकर लगभग डेढ़ घंटे रह जाने की उम्मीद है। इससे उद्योगों, खनन क्षेत्र और कृषि उत्पादों के परिवहन को गति मिलेगी तथा परिवहन लागत में कमी आएगी।

निवेश और रोजगार को मिलेगा बल विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की आधारभूत संरचना परियोजनाएं केवल यात्रा समय कम नहीं करतीं, बल्कि इनके आसपास वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य और मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं के विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं।

## नेपाल में युवाओं का गुस्सा बढ़ा,

# बालेन शाह सरकार पर उठे सवाल, रोजगार और नीतियों को लेकर विरोध तेज

एजेंसी, काठमांडू।

नेपाल में युवाओं के बीच बढ़ती नाराजगी एक बार फिर राजनीतिक संकट का कारण बनती दिखाई दे रही है। राजधानी काठमांडू समेत कई क्षेत्रों में युवा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह (बालेन शाह) की नीतियों को लेकर जवाबदेही तय करना और सरकार से युवाओं के लिए ठोस कदम उठाने की अपील है। हाल के दिनों में सामने आई कुछ गंभीर घटनाओं ने देश में युवाओं की स्थिति, बेरोजगारी और सरकारी नीतियों को लेकर बहस तेज कर दी है। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने सरकार पर युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने का आरोप लगाया है।

आत्मदाह की पुरानी घटना का फिर हुआ जिक्र

नेपाल में युवाओं से जुड़े हालिया घटनाक्रम के बीच वर्ष 2023 की एक घटना भी राजनीतिक चर्चा का विषय बन गई है। उस समय प्रेम आचार्य की आत्मदाह की घटना के बाद तत्कालीन काठमांडू मेयर बालेन शाह ने इसे व्यवस्था की गंभीर विफलता बताया था। अब विपक्ष और प्रदर्शनकारी सवाल उठा रहे हैं कि वर्तमान परिस्थितियों पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है और युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। बालेन शाह कैसे बने युवाओं की उम्मीद का चेहरा

बालेन शाह वर्ष 2022 में काठमांडू के मेयर बने थे। इंजीनियरिंग और संगीत से जुड़े अपने अलग अंदाज के कारण वह युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हुए। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था, अवैध निर्माण पर कार्रवाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाने जैसे कदम उठाए। हालांकि, उनके कुछ फैसलों का विरोध भी हुआ। विशेष रूप से सड़क किनारे व्यापार करने वालों और प्रभावित वर्गों ने प्रशासनिक




कार्रवाइयों पर सवाल उठाए। ञ्जल्ल- आंदोलन में दिखा बालेन का प्रभाव नेपाल में पिछले वर्ष हुए बड़े युवा प्रदर्शनों के दौरान भी बालेन शाह का प्रभाव दिखाई दिया था। सोशल मीडिया, युवाओं की भागीदारी और भ्रष्टाचार व आर्थिक संकट के खिलाफ आवाज ने आंदोलन को व्यापक बनाया। इन प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया था। बेरोजगारी, आर्थिक अवसरों की कमी और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर लोगों में असंतोष सामने आया था। उस दौरान बालेन शाह से जुड़े गीत और संदेश युवाओं के बीच चर्चा का विषय बने थे। चुनावी सफलता ने बदली नेपाल की राजनीति नेपाल की राजनीति में बालेन शाह का प्रभाव चुनावी स्तर पर भी दिखाई दिया। आम चुनाव में उनकी पार्टी को बड़ी सफलता मिली, जिसे पारंपरिक राजनीतिक दलों के लिए चुनौती के रूप में देखा गया। बालेन शाह ने झापा-5 सीट से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को हराकर अपनी राजनीतिक ताकत साबित की। इसके बाद कम उम्र में प्रधानमंत्री पद संभालकर उन्होंने नेपाल की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू किया। सरकार के सामने युवाओं का भरोसा जीतने की चुनौती मौजूदा हालात ने बालेन शाह सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। युवाओं की नाराजगी को शांत करने के लिए सरकार को रोजगार, आर्थिक अवसरों और जनकल्याणकारी नीतियों पर ठोस कदम उठाने होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल में युवाओं की बढ़ती भागीदारी अब देश की राजनीति की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण कारक बन चुकी है। आने वाले दिनों में सरकार की प्रतिक्रिया और नीतिगत फैसले ही तय करेंगे कि यह असंतोष किस दिशा में आगे बढ़ता है।

### Gen-Z संगठन ने सरकार पर लगाए आरोप

युवा संगठन जेन-जी नेपाल ने प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि बजट और नीतियों में युवाओं के रोजगार, आय बढ़ाने और भविष्य सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए हैं। संगठन का आरोप है कि सरकार ने युवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी, जिसके कारण असंतोष बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश के युवाओं को रोजगार के अवसर, बेहतर शिक्षा और आर्थिक स्थिरता की जरूरत है।

### विपक्ष ने भी साधा सरकार पर निशाना

नेपाल की प्रमुख विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस ने भी सरकार पर हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि सरकार युवाओं के बीच विश्वास और उम्मीद पैदा करने में असफल रही है। विपक्षी नेताओं के अनुसार, युवाओं की नाराजगी केवल किसी एक मुद्दे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, आर्थिक चुनौतियां और प्रशासनिक फैसलों को लेकर असंतोष शामिल है।

# कनाडा के स्ट्रीट फेस्टिवल में मास शूटिंग की घटना आई सामने, दो की मौत और तीन घायल

एजेंसी, टोरंटो।

कनाडा के टोरंटो में एक स्ट्रीट फेस्टिवल के पास हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, घटना के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। फायरिंग शनिवार (स्थानीय समय) को एक ऐसे इलाके में हुई, जहां पॉपुलर साल्सा ऑन सेंट क्लेयर फेस्टिवल चल रहा था। कार्यक्रम में वार्षिक लैटिनो-थीम वाले सांस्कृतिक समारोह के लिए बड़ी भीड़ जमा हो रही थी।

टोरंटो पुलिस ने शुरू में एक एक्टिव शूटर की चेतावनी देते हुए अलर्ट जारी किया और लोगों और आगंतुकों से उस इलाके से दूर रहने को कहा। अधिकारी घटना के खिलाफ कार्रवाई कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, सेंट क्लेयर एवेन्यू वेस्ट और अर्लिंग्टन एवेन्यू के चौराहे के पास, सेंट क्लेयर फेस्टिवल पर साल्सा की जगह के पास गोली लगने से पांच लोग घायल मिले। इमरजेंसी रेस्पॉन्डर्स मौके पर पहुंचे जबकि पुलिस ने एक सुरक्षा घेरा बनाया और लोगों को सलाह दी कि जब तक हालात काबू में नहीं आ जाते, तब तक वे उस जगह से दूर रहें।

अधिकारियों ने बाद में कन्फर्म किया कि घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया गया है। हालांकि, ताजा अपडेट के समय तक किसी गिरफ्तारी के बारे में कोई जानकारी जारी नहीं दी गई।

जैसे ही इन्वेस्टिगेटर ने उन हालात की जांच शुरू की जिनकी वजह से गोलीबारी हुई, आसपास के इलाके में सुरक्षा के उपाय काफी बढ़ा दिए गए। सेंट क्लेयर पर साल्सा टोरंटो के खास लैटिनो-थीम वाले सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है, जो हर साल हजारों विजिटर्स को संगीत, नृत्य, भोजन और सामुदायिक कार्यक्रमों के साथ आकर्षित करता है।

यह नई घटना पिछले महीने के आखिर में मॉन्ट्रियल में हुई एक और जानलेवा फायरिंग के कुछ ही हफ्ते बाद हुई है।

TNF TODAY | टीएनएफ टुडे | थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper


# टी20 की हार का ODI में हिसाब चुकाएगा भारत

## रोहित-कोहली की वापसी से पलटवार की आस, इंग्लैंड से बदला लेने का मौका

एजेंसी, नई दिल्ली।



टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के कुछ ही महीने बाद भारतीय टीम का सबसे छोटे फॉर्मेट में दबदबा पूरी तरह बिखरता नजर आया है। पहले आयरलैंड ने दो मैचों की टी20 सीरीज में भारत का 2-0 से सफाया किया और अब इंग्लैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज 4-0 से अपने नाम कर ली। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा, जबकि बाकी चारों मैचों में मेजबान टीम ने भारत को हर विभाग में पीछे छोड़ दिया।

### रोहित-कोहली की वापसी सबसे बड़ी ताकत

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में लगातार दूसरी टी20 सीरीज हारने के बाद अब भारतीय टीम के सामने वनडे सीरीज में वापसी की बड़ी चुनौती है। हालांकि इस बार टीम इंडिया की तस्वीर पूरी तरह अलग होगी, क्योंकि उसकी सबसे बड़ी ताकत रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी होने जा रही है। दोनों दिग्गज टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भारतीय टीम के लिए सिर्फ एक और सीरीज नहीं, बल्कि टी20 की करारी हार का जवाब देने का सबसे बड़ा मौका होगी।

### टी20 में बुरी तरह फेल रही टीम इंडिया

इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीदों के बिल्कुल विपरीत रहा। युवा खिलाड़ियों से सजी टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में लगातार संघर्ष करती रही। रोज बाउल में खेले गए आखिरी टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने जोस बटलर के 131 रन और कप्तान हैरी ब्रूक की नाबाद 95 रन की पारी की बदौलत 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारत 201 रन ही बना सका और 56 रन से मुकाबला हार गया।

पूरी सीरीज में भारतीय गेंदबाज बड़े स्कोर रोकने में नाकाम रहे, जबकि बल्लेबाज दबाव वाले मौकों पर लंबी साझेदारियां नहीं बना सके। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो टी20 सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया की रणनीति और संयोजन पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

### अब रोहित-कोहली पर टिकी होंगी निगाहें

टी20 की निराशा के बाद अब भारतीय फैंस की उम्मीदें एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली पर टिक गई हैं। कई महीनों बाद दोनों दिग्गज भारतीय जर्सी में एक साथ मैदान पर उतरेंगे। इंग्लैंड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इन दोनों खिलाड़ियों का अनुभव टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ा हथियार साबित हो सकता है। रोहित शर्मा नई गेंद का सामना करते हुए टीम को मजबूत शुरूआत देने की जिम्मेदारी निभाएंगे। वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक लगाने वाले रोहित अगर अपनी लय में लौटते हैं तो इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए उन्हें रोकना आसान नहीं होगा। दूसरी ओर विराट कोहली एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजी की सबसे मजबूत कड़ी होंगे। लक्ष्य का पीछा करना हो या मुश्किल हालात में पारी संभालनी हो, कोहली का रिकॉर्ड और अनुभव टीम इंडिया के आत्मविश्वास को नई मजबूती देगा।

### बुमराह की वापसी से गेंदबाजी को मिलेगी धार

सिर्फ रोहित और विराट ही नहीं, बल्कि स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी भी भारतीय टीम के लिए बड़ी राहत है। टी20 सीरीज में भारतीय गेंदबाजी पूरी तरह बेअसर नजर आई थी, लेकिन बुमराह के आने से नई गेंद और डेथ ओवर दोनों में भारत को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### सिर्फ सीरीज नहीं, खोया आत्मविश्वास भी दांव पर

वनडे सीरीज भारत के लिए सिर्फ ट्रॉफी जीतने का मौका नहीं है। पिछले कुछ सप्ताह में लगातार मिली हार ने टीम का आत्मविश्वास भी प्रभावित किया है। ऐसे में इंग्लैंड को उसी की सरजमीं पर हराना भारतीय टीम के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने जैसा होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में अनुभव बढ़ेगा, जबकि युवा खिलाड़ियों को भी बड़े मुकाबलों में खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। अगर भारत वनडे सीरीज जीतने में सफल रहता है तो टी20 की निराशा काफी हद तक पीछे छूट सकती है।

# फीफा वर्ल्ड कप : चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड, नॉर्वे को 2-1 से दी मात

एजेंसी, मियामी।




इंग्लैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लिश टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड की इस जीत के नायक जूड बेलिंगहम रहे, जिन्होंने अतिरिक्त समय में टीम के लिए विजयी गोल दागा। इंग्लैंड ने साल 2018 के बाद पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया है। बेलिंगहम को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मैच की शुरूआत में नॉर्वे की टीम इंग्लैंड के डिफेंस पर हावी दिखाई दी। मैच के 36वें मिनट में एंड्रियास शेल्डरुप ने पहला गोल करते हुए नॉर्वे को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि, बेलिंगहम ने नॉर्वे की बढ़त को ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रहने दिया और पहले हाफ के इंजरी टाइम में शानदार गोल दागते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन किसी को भी सफलता हाथ नहीं लग सकी। इसके बाद मुकाबला अतिरिक्त समय में पहुंचा, जहां 93वें मिनट में बेलिंगहम का जादू एक बार फिर देखने को मिला। उन्होंने मुकाबले का अपना दूसरा गोल करते हुए इंग्लैंड को 2-1 की बढ़त दिला दी, जो अंत तक कायम रही। नॉर्वे ने लगातार हमले करते हुए स्कोर को बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह इंग्लैंड के डिफेंस को नहीं भेद सके।

इससे पहले, इंग्लैंड 1966, 1990 और 2018 में सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। 1966 में इंग्लैंड ने खिताब को अपने नाम किया था, लेकिन 1990 और 2018 में टीम का सफर सेमीफाइनल में ही खत्म हो गया था। सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना अर्जेंटीना और स्विट्जरलैंड के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले के विजेता से होगा।

हार के साथ ही नॉर्वे का विश्व कप में शानदार सफर थम गया। एर्लिंग हालैंड भी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नॉर्वे की नैया को पार नहीं लगा सके। हालांकि, हालैंड का प्रदर्शन विश्व कप में कमाल का रहा और उन्होंने टूनार्मेंट में कुल 7 गोल किए।

# मनोरंजन

## हुमा कुरैशी ने अपनी मां और उनकी सीख को याद किया

अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने पौधा लगाते हुए अपनी मां और उनकी सीख को याद किया है। उन्होंने अपने फैंस से एख खास गुजारिश की है।

अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी फिल्म 'बेबी डू डाई डू' को लेकर चर्चा में हैं। तीन जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर पौधा लगाते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इसके साथ एक शानदार कैप्शन लिखा है।

### हुमा को मां ने क्या सिखाया?

हुमा कुरैशी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह पार्क जैसी एक जगह पर एक पौधा लगा रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा 'मैं जिन सबसे मजबूत महिलाओं को जानती हूं, उसमें मेरी मां भी शामिल हैं। उन्होंने मुझे सिखाया कि असली मजबूत महिला शांत, सब्र रखने वाली और हमेशा किसी को कुछ प्रदान करने की भावना रखने वाली होती है।'

### दिल के करीब है मुहिम

उन्होंने आगे लिखा 'इसलिए 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम मेरे दिल के बहुत करीब है। मां के नाम पर लगाया गया पेड़ सिर्फ मिट्टी में लगा एक पौधा नहीं होता, बल्कि यह एक ऐसा आभार है, जो मौसम दर मौसम बढ़ता रहता है। तब भी, जब 'थैंक यू' जैसे शब्द समय के साथ कहीं खो जाते हैं।'

### फैंस से की गुजारिश

उन्होंने अपने फैंस से गुजारिश करते हुए आगे लिखा 'इस मौसम में, अपनी मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। उसकी देखभाल करें और उसे बढ़ते हुए देखें, ठीक वैसे ही, जैसे उन्होंने आपको बड़ा होने में मदद की थी।'

### हुमा कुरैशी का वर्कफ्रंट

हुमा कुरैशी की आखिरी फिल्म 'बेबी डू डाई डू' के निर्देशक नचिकेत सामंत हैं। इसमें उनके साथ सिकंदर खेर और चंकी पांडे थे। हुमा कुरैशी जल्द ही यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाली हैं।



## हॉलीवुड में दिशा पाटनी का आगाज; ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री दिशा पाटनी को हाल ही में फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में देखा गया। बॉलीवुड के बाद दिशा अब हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में इसे लेकर बात की।

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और तब्बू जैसी अदाकाराओं के बाद अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड में कदम बढ़ा दिए हैं। वे ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वे इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हाल ही में दिशा ने स्पेसी के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए।

### 'भारत में बैठकर ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते'

फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा' में दिशा के साथ डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन, ब्रायना हिल्डेब्रांड और एरिक रॉबर्ट्स जैसे बड़े ग्लोबल स्टार्स अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिशा ने हॉलीवुड में सफल होने के लिए जरूरी चीजों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक्टर्स सिर्फ भारत में बैठकर इंटरनेशनल ऑडिशन, टैलेंट रिप्रेजेंटेशन और वीजा से जुड़ी मुश्किल प्रक्रियाओं को समझे बिना ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते।

### केविन स्पेसी की तारीफ में क्या कहा?

दिशा पाटनी ने वैरायटी इंडिया से बात करते हुए कहा, 'वे (केविन स्पेसी) कमाल के हैं। एक एक्टर होने के नाते, वे अपने एक्टर्स को समझते हैं। एक्सपेरिमेंट करने के लिए काफी आजादी देते हैं। वे हमसे कहते थे कि हम अपने अनुभवों का इस्तेमाल करें। वह हमें ऐसे सवाल सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'आप ऐसी स्थिति में कैसा रिएक्ट करेंगे?' 'क्या आप रोएंगे?' 'आप कैसा महसूस करेंगे?' 'आप अपनी भावनाएं कैसे जाहिर करेंगे?' हर सुबह, वे हमारे साथ बैठते थे और हमें सीन समझाते थे। मुझे यह बात बहुत खास लगी। मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले किसी क्रिएटर के साथ ऐसा किया है।

### अपने हॉलीवुड सफर पर क्या बोलीं?

एक्ट्रेस ने हॉलीवुड डेब्यू और ऑडिशन को लेकर कहा, 'पश्चिम में ऑडिशन टेम्प्लेट पर बहुत जोर दिया जाता है। आपको चीजों के लिए ऑडिशन देना होता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके लिए वह कितना आसान है और आपने किसके साथ साइन किया है। किस्मत भी इसमें भूमिका निभाती है। कभी-कभी, वे बस आपका काम देखते हैं और आपको प्रोजेक्ट और ऑडिशन ऑफर करते हैं। यह वीजा और दूसरी लॉजिस्टिकल चीजों पर भी निर्भर करता है। यह सब बहुत टेक्निकल है। आखिरकार, यह एक अलग देश है। लेकिन आपको वहां मौजूद रहना होगा। आप यहां भारत में बैठकर वहां रोल नहीं पा सकते। आप यहां से ऑडिशन दे सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छा यही है कि आप वहां जाएं, कुछ समय के लिए रहें और उस पर काम करें। किसी भी देश के साथ ऐसा ही होता है'।



## पिटबुल के कॉन्सर्ट में झूमीं अनन्या पांडे, गाया 'रेन ओवर मी' सॉन्ग

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में विंबलडन 2026 पुरुष एकल सेमीफाइनल का मुकाबला देखा। इसके बाद उन्होंने क्यूबा-अमेरिकी रैपर पिटबुल के कॉन्सर्ट का आनंद लेते हुए अपनी कुछ झलकियां भी सोशल मीडिया पर साझा की। अपनी सोशल मीडिया स्टोरी में अनन्या पांडे ने पहले विंबलडन मुकाबले की कुछ झलकियां साझा कीं। इसके बाद उन्होंने पिटबुल के कॉन्सर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में वह अन्य प्रशंसकों के साथ वर्ष 2011 के लोकप्रिय गीत 'रेन ओवर मी' पर झूमती और गाती नजर आईं। इस वीडियो के साथ अनन्या पांडे ने कैप्शन में लिखा, "पिटबुल एट द पार्क।"

'रेन ओवर मी' पिटबुल का लोकप्रिय गीत है, जो उनके छठे स्टूडियो एल्बम 'प्लैनेट पिट' का हिस्सा है। इस गीत में प्यूर्टो रिको-अमेरिकी गायक मार्क एंथनी ने भी अपनी आवाज दी है। इस गीत को पिटबुल, मार्क एंथनी और उनके सहयोगी गीतकारों ने मिलकर लिखा था।

पिटबुल ने अपने संगीत करियर की शुरूआत 2000 के दशक की शुरूआत में की थी। वह रेगेटन, लैटिन हिप-हॉप और क्रंक संगीत के लिए जाने जाते हैं। उनका पहला एल्बम 'एम.आई.ए.एम.आई.' था। इसके बाद उनके एल्बम 'एल मारिएल' और 'द बोटलिफ्ट' भी काफी लोकप्रिय हुए और बिलबोर्ड 200 की सूची में शामिल हुए।

पिटबुल के चौथे एल्बम 'पिटबुल स्टारिंग इन रेबेल्यूशन' ने उन्हें मुख्यधारा में बड़ी पहचान दिलाई। इस एल्बम के 'आई नो यू वांट मी (कैले ओचो)' और 'होटल रूम सर्विस' जैसे गीत काफी लोकप्रिय हुए।


इससे पहले अनन्या पांडे पेरिस हॉट कूचर वीक में शामिल हुई थीं। इसके बाद वह विंबलडन में भी बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आईं। मैच के दौरान उन्होंने चमकीले लाल रंग की पॉपलिन ड्रेस पहनी हुई थी।

अभिनय की बात करें तो अनन्या पांडे की हालिया फिल्में 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' और 'चांद मेरा दिल' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकीं।

'चांद मेरा दिल' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसकी कहानी विवेक सोनी और तुषार परांजपे ने मिलकर लिखी है। फिल्म में अनन्या पांडे के साथ लक्ष्य भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

यह फिल्म कॉलेज में प्यार करने वाले एक जोड़े की कहानी है। बड़े होने के बाद जब दोनों नई जिम्मेदारियों का सामना करते हैं, तो उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और उन्हें प्यार के बारे में अपनी सोच पर दोबारा विचार करना पड़ता है।





## आकांक्षा रंजन: रहमान डकैत की दि हुई मौत बड़ी कसाईनुमा होती है

जैसे ही 'इक्का' ने ओटीटी पर एंट्री मारी, एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन ने फैंस को सेट्स के पीछे की दुनिया की एक्सक्लूसिव सैर करवाई। उन्होंने अपनी किरदार 'सोमा मेहतानी' को पर्दे पर ज़िंदा करने के पीछे की मेहनत की एक झलक शेयर की। इस BTS कैरोसेल में सेट के कई दिलचस्प पल देखने को मिले – कभी आकांक्षा प्रोस्थेटिक मेकअप में घंटों की मेहनत झेलती नजर आईं, तो कभी अक्षय खन्ना के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखीं। कॉस्ट्यूम ट्रायल्स, क्लैपरबोर्ड के शॉट्स और फिल्म में दिखे उनके हॉस्पिटल लुक की झलकियां भी शामिल थीं। इन तस्वीरों ने फैंस को फिल्ममेकिंग की असली 'बैकस्टेज कहानी' दिखा दी। उन्होंने पोस्ट पर कैप्शन दिया, 'रहमान डकैत की दि हुई मौत बड़ी कसाईनुमा होती है'

'इक्का' में आकांक्षा ने सोमा मेहतानी का किरदार निभाया है, जो फिल्म की सस्पेंस भरी कहानी का दिल है। कोर्टरूम थ्रिलर जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, कहानी का हर मोड़ और इमोशनल टकराव सोमा के इर्द-गिर्द घूमता है, जिससे आकांक्षा की परफॉर्मेंस इस फिल्म की जान बन जाती है।

ओटीटी पर रिलीज हुई 'इक्का' इस साल आकांक्षा का दूसरा प्रोजेक्ट है। इससे पहले 'ग्राम चिकित्सालय सीजन 2' में डॉ. गर्गी के उनके किरदार को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से खूब प्यार मिला था। इस साल की दो दमदार रिलीज के साथ, आकांक्षा अपने करियर में जबरदस्त रफ्तार पकड़ रही हैं। आगे भी आकांक्षा के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइन में हैं, जिनकी अनाउंसमेंट आने वाले महीनों में होने वाली है। इस साल के शानदार सफर के बाद, फैंस अब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि आगे वो क्या नया धमाका करने वाली हैं।